# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, गुरुवार, 20 मार्च 2025










## वायुमंडल में प्रवेश करते स्पेसक्राफ्ट का तापमान रहा 1900 डिग्री सेल्सियस

# अंतरिक्ष परी की आसमानी उड़ान पर झूमी 'पृथ्वी'



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

नासा के अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर नौ महीने बाद सकुशल धरती पर लौट आए। बुधवार तड़के स्पेसएक्स का ड्रैगन कैप्सूल सुनीता सहित चारों अंतरिक्षयात्रियों को लेकर फ्लोरिडा के समुद्र में लैंड हुआ। अंतरिक्ष से धरती तक का यह सफर 17 घंटे का था, लेकिन लैंडिंग की इस प्रक्रिया में सांसें थामने वाला 7 मिनट का एक पल भी था।

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी तक के 17 घंटे तक का सफर काफी चुनौतियों से भरा हुआ था, लेकिन जैसे ही स्पेसक्राफ्ट ने पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया तो उसका तापमान 1900 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया। यह वह समय था जब सात मिनट के लिए कम्युनिकेशन ब्लैकआउट हो गया। हालांकि, यह सामान्य है लेकिन चुनौतीपूर्ण चरण होता है। इस दौरान नासा का स्पेसक्राफ्ट से संपर्क नहीं रहता।

स्पेसएक्स के ड्रैगन के साथ भी ऐसा ही हुआ। हालांकि, सात मिनट बाद ही बुधवार तड़के लगभग 3.20 बजे स्पेसक्राफ्ट से संपर्क फिर से बहाल हुआ, लेकिन सात मिनट का यह ब्लैकआउट का समय किसी भी स्पेसक्राफ्ट के पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश के लिए बहुत निर्णायक होता है। ▶▶|शेष पेज 4 पर



### डॉल्फिन ने किया स्वागत

कैप्सूल रूपी यान जब जलक्षेत्र में उतरा तो डॉल्फिन इसके चारों ओर चक्कर लगाने लगीं और इस बीच गोताखोरों ने कैप्सूल को 'रिकवरी शिप' पर चढ़ाने की तैयारी की। कैप्सूल को 'रिकवरी शिप' पर चढ़ाए जाने के बाद इसके किनारों को खोला गया और अंतरिक्ष यात्रियों को एक के बाद एक सहारा देकर उतारा गया। विल्मोर और विलियम्स के अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसने के बाद दुनिया का ध्यान उनकी ओर गया और 'स्टक एट वर्क' शब्द गढ़ा गया तथा उन्हें 'बुच और सुनी' जैसे नामों से बुलाया जाने लगा।



### पीएम मोदी बोले-पृथ्वी ने आपको याद किया

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनीता विलियम्स और 'क्रू-9' के सदस्यों का पृथ्वी पर लौटने पर स्वागत किया। उनका अटूट दृढ़ संकल्प लाखों लोगों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, स्वागत है, क्रू9! पृथ्वी ने आपको याद किया। अभिनेता चिरंजीवी और आर. माधवन ने बुधवार को उनका स्वागत किया। चिरंजीवी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की पृथ्वी पर वापसी को 'ऐतिहासिक' और 'साहसिक' बताया।



### अंतरिक्ष में बिताए 286 दिन

बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष में 286 दिन बिताए। उन्होंने पृथ्वी की 4,576 बार परिक्रमा की और 'स्पलैशडाउन' के समय तक 12 करोड़ 10 लाख मील की यात्रा की। कैलिफोर्निया में 'स्पेसएक्स मिशन कंट्रोल' ने रेडियो पर कहा 'स्पेसएक्स की ओर से आपका घर वापसी पर स्वागत है।'

### नासा ने कहा, हमें अपनी टीम पर गर्व

नासा ने अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी की पुष्टि करते हुए आधिकारिक बयान जारी किया। नासा ने अपने बयान में कहा, 'हमें अपने टीम पर गर्व है। सफल लैंडिग से पूरी टीम खुश है। हमारी मिशन पूरी तरह से सफल रहा। स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने भी सफल वापसी पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्पेसएक्स और नासा की टीमों ने एक और सफल मिशन पूरा किया है। इसके लिए उन्होंने सभी को बधाई दी और इस मिशन को प्राथमिकता देने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आभार व्यक्त किया।

## पूर्व मंत्री लखमा ने फिर कहा

# मैं पढ़ा-लिखा नहीं, अफसरों ने जहां कहा, कर दिया हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ ईओडब्लू ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में पूर्व आबकारी मंत्री से पूछताछ करने ईओडब्लू के डीएसपी तथा टीआई स्तर के दो अधिकारी सेंट्रल जेल पहुंचे। ईओडब्लू के अफसर दोपहर 12 बजे के बाद जेल में पूछताछ करने पहुंचे। अफसरों ने पूर्व आबकारी मंत्री लखमा से तीन घंटे से ज्यादा लंबी पूछताछ की। पूछताछ करने अफसर अपने साथ सवालों की सूची साथ ले गए थे। पूर्व आबकारी मंत्री से पूछताछ करने पहुंचे अफसरों ने कवासी लखमा से शराब घोटाला में उनकी भूमिका के बारे में पूछताछ की। इसके अलावा घोटाले में शामिल अन्य आरोपियों से संबंधों ▶▶|शेष पेज 4 पर

### शराब घोटाले में लखमा से सेंट्रल जेल में पूछताछ, ईओडब्लू के अफसर तीन घंटे डटे रहे, आज फिर जाएगी टीम



### आज संपत्ति संबंधित सवाल

दूसरे दिन की पूछताछ में ईओडब्लू के अफसर कवासी लखमा से आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में सवाल-जवाब कर सकते हैं। इसके अलावा कांग्रेस भवन निर्माण में दी गई राशि के आय के स्त्रोत के बारे में ईओडब्लू के अफसर लखमा से सवाल-जवाब कर सकते हैं। कवासी लखमा से पूछताछ करने के बाद ईओजब्लू के अफसर जरूरत पड़ने पर शराब घोटाला के अन्य आरोपियों से पूछताछ करने कोर्ट में आवेदन लगा सकते हैं।

### चहल-धनश्री की तलाक पर फैसला आज

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा की तलाक याचिका पर 20 मार्च तक फैसला करने के लिए फैमिली कोर्ट को निर्देश दिया है। जस्टिस माधव जामदार की सिंगल बेंच ने कहा कि चहल 21 मार्च से उपलब्ध नहीं होंगे क्योंकि उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग टूर्नामेंट में भाग लेना है। चहल और धनश्री ने 5 फरवरी को बांद्रा की फैमिली कोर्ट में तलाक की याचिका दायर की थी।

### चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सुनवाई 16 को

**नई दिल्ली।** चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए बने कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने अगली तारीख 16 अप्रैल तय की है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, लोक प्रहरी और जया ठाकुर समेत कई याचिकाकर्ताओं ने नए कानून को चुनौती दी है।

### वक्फ विधेयक के खिलाफ विस में प्रस्ताव पारित

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा ने बुधवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव को राज्य के कानून मंत्री एचके पाटिल ने सदन में पेश किया। चर्चा का विषय रहे वक्फ (संशोधन) विधेयक का मकसद वक्फ संपत्तियों के प्रशासन से संबंधित प्रावधानों में संशोधन करना है। इससे पहले दिन में एचके पाटिल ने एक बयान में कहा कि सदन ने सर्वसम्मति से वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को खारिज कर दिया।







19- MAR- COR- MAIN- Pg- 2 SODKU-H-PRADESH_Layout 1 3/19/2025 10:24 PM Page 1



# नक्सलियों का सबसे ऊंचा स्मारक ध्वस्त









बीजापुर। जिले के थाना उसूर क्षेत्रान्तर्गत एफओबी भीमाराम-पुजारी कांकेर एक्सीस पर माओवादियों के द्वारा स्थापित किए गए लगभग 30 फीट ऊंचे स्मारक को ध्वस्त किया गया। जेटीएफ सुरक्षा कैंप भीमाराम से कोबरा 204 एवं केरिपु 81 वाहिनी की संयुक्त टीम द्वारा चलाये गये नक्सल विरोधी अभियान के दौरान जवानों ने माओवादी स्मारक को ध्वस्त किया। नक्सलियों के कोर क्षेत्र में नवीन कैम्प स्थापना होने के बाद से क्षेत्र में माओवादियों के बनाए गए स्मारक एवं प्रशिक्षण केन्द्र को जवानों ने नष्ट किया है। बटालियन क्षेत्र में माओवादियों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है।

### गिरोह के सदस्य अफसर- कर्मियों को कार्रवाई का भय दिखाकर करते थे वसूली

# सरकारी कर्मचारियों को ब्लैकमेल करने वाले तीन कथित पत्रकार सहित चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

**प्रदेश स्वास्थ्य सचिव का फर्जी निज सचिव बनकर जिले में पदस्थ स्वास्थ्य कर्मचारियों को डरा धमकाकर तथा उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई कर भय दिखाकर अवैध वसूली करने वाले गिरोह का पुलिस ने शिकायत के महज कुछ घंटों बाद ही पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में बुधवार को तीन कथित पत्रकार सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें एक निजी चिकित्सक सहित तीन कथित पत्रकार बताए जा रहे हैं। पुलिस ने इन चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 319(2), 308(2), 61(2)बीएनएच के तहत कार्रवाई की है।**

खास का असर

बुधवार को इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए पुलिस कप्तान धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि गत 18 मार्च 2025 को थाना कवर्धा में प्रार्थी मदन सिंह पुरले पिता बचन सिंह आयु 44 वर्ष निवासी करनकापा, थाना लालपुर, जिला मुंगेली तथा प्रभात गुप्ता नेत्र सहायक अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पोंडी ने विभागीय कार्रवाई कराने की धमकी देकर उनसे अवैध वसूली की है। इस शिकायत के आधार पर कवर्धा कोतवाली में अमन बिसारिया, रियाज अत्तारी, फिरोज खान और अजय जांगड़े के खिलाफ धारा 319(2), 308(2), 61(2)बीएनएच के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया था।





राज्य के 'स्वास्थ्य सचिव' का 'निज सचिव' बन अफसर- कर्मियों से लाखों की वसूली!

### कुछ अन्य पर भी होगी कार्रवाई: एसपी

पुलिस अधीक्षक धमेद्र सिंह ने बताया कि इस मामले की जांच अभी भी जारी है। उन्हें यह भी कहा कि मामले में कुछ अन्य और कथित पत्रकारों पर भी कार्रवाई हो सकती है।

### मंत्री का निज सचिव बनकर महिला की अवाज में करता था बात

जिले के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के खिलाफ झूठी खबरे प्रकाशित कर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की धमकी देकर ठगी के इस मामले में अमन बिसारिया का किरदार अहम है जो अपने आपको मंत्री का निज सचिव बताता था। पुलिस के मुताबिक अमन स्वास्थ्य कर्मचारियों व अधिकारियों से वॉयस चेंजर ऐप का उपयोग कर महिला की आवाज में बात करता था। गिरफ्त में आए इन आरोपी कथित पत्रकारों को रकम देकर सेट करने की बात करता था।

### पहला मामला

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रथम शिकायतकर्ता मदन सिंह पुरले ने बताया कि वह ग्रामीण चिकित्सा सहायक के रूप में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिंभौरी में कार्यरत हैं। आरोपियों ने उन्हें वित्तीय अनियमितता की खबर प्रकाशित करने की धमकी दी और इसके बदले उनका निलंबन, सेवा समाप्ति एवं ट्रांसफर कराने की कोशिश की। इस दबाव में आकर आरोपियों ने प्रार्थी से कुल 10 हजार की अवैध वसूली की। इसमें से 5,000 रुपए क्यूआर कोड के माध्यम से, खाते में ट्रांसफर किया गया। 5 हजार नकद ट्रांजैक्शन के जरिए लिए गए। प्रार्थी ने बताया कि आरोपियों ने फोन कॉल करके उसे धमकाया और फिर उसे पैसे देने के लिए मजबूर किया।

### दूसरा मामला

दूसरी शिकायत में प्रार्थी प्रभात गुप्ता ने बताया कि फर्जी पत्रकारों ने उनके खिलाफ झूठी खबरें प्रकाशित कर मानसिक प्रताड़ना दी, आरटीआई द्वारा दबाव बनाया और निलंबन की धमकी देकर 32 हजार रुपए की अवैध वसूली की। इस खुलासे के बाद पुलिस ने अपनी जांच का दायरा बढ़ाते हुए घटना में प्रयुक्त सभी मोबाइल नम्बरों को ट्रेस किया और अमन बिसारिया कथित मंत्री जका निज सचिव (विजिलेंस), रियाज अत्तारी टाइम्स न्यूज इंडिया पोर्टल संचालक, फिरोज खान 24 सीजी न्यूज का कथित पत्रकार तथा अजय जांगड़े पोर्टल संचालक को दबोच लिया।

# बस्तर में बच्चों की मौत पर हंगामा, विपक्ष का बहिर्गमन



मंत्री के पास जानकारी ही नहीं है : लखेश्वर



केदार ने कहा- विधायक सदन में दे रहे भाषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

विधानसभा में कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल ने बस्तर संभाग में आश्रम और छात्रावासों में बच्चों की मौतों का मुद्दा उठाते हुए कहा, छत्तीसगढ़ में बच्चे सुरक्षित नहीं हैं। भाजपा शासनकाल में लगातार 40 मौतें हुई हैं। वर्ष 2022-23 और 2023-24 में चार-चार मौतें हुईं, जबकि 2024-25 में लगभग 17 बच्चों के मौत की जानकारी दी गई है। इस संबंध में मानसून सत्र में 11 बच्चों की मौतों का आंकड़ा दिया गया था, बाद में संशोधित आंकड़ा 14 का दिया गया। उन्होंने पूछा कि वर्ष 2024-25 में कितनी मौतें हुईं। मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि वर्ष 2024-25 में दो मौतों की जानकारी है। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस सदस्यों ने बहिर्गमन किया।

प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल ने बताया कि वर्ष 2024-25 में सिर्फ दो मौतें हुई हैं, जबकि उनके पास काफी बड़ी रिपोर्ट है। उन्होंने बताया कि साल 2022-23 में कांकेर, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा में एक-एक मौत हुई। वर्ष 2023-24 में कांकेर, बीजापुर, जगदलपुर, कोंडागांव में चार बच्चों की मौतें हुई। उन्होंने कहा, बीजापुर में 10 बच्चों की मौत हुई। संगमपल्ली में मलेरिया से छात्रा की मौत हुई। तारलागुड़ा बीजापुर में में भी छात्रा की मौत मलेरिया से हुई। पोटा कैबिन नैमेड़ फूड प्वायजनिंग से मौत हुई। उन्होंने कहा, मंत्री के पास आंकड़ा नहीं है, इसलिए वे बता रहे हैं। मंत्री ने बताया कि तीन वर्षों में 25 मौतें हुई हैं, इसके अलावा कोई और जानकारी चाहिए तो वो दिला देंगे।

### आदिवासियों को लेकर सरकार गंभीर नहीं

विधायक ने कहा कि पिछली बार भी मंत्री ने कहा, जो गलत जानकारी दी गई है, उस अधिकारी पर कार्रवाई करेंगे। अब तक क्या कार्रवाई की गई? मंत्री ने कहा कि जो प्रश्न पूछा है उसका जवाब दिया गया है। कार्रवाई को लेकर मंत्री ने स्पष्ट उत्तर नहीं दिया। इसके बाद विधायक ने कहा, ये गंभीर मामला है, क्या अधिकारियों पर कार्रवाई करेंगे? उन्होंने कहा, आदिवासियों को लेकर बीजेपी सरकार गंभीर नहीं है, जबकि आदिवासी मुख्यमंत्री हैं, आदिवासी मंत्री हैं। फिर भी ऐसे मामले में गंभीर नहीं हैं। मंत्री केदार कश्यप ने इस बात पर कहा, विधायक सदन में भाषण दे रहे हैं। इनकी सरकार थी, जगरगुंडा में चावल किसने खाया। इसके बाद सदन में कांग्रेस विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेस सदस्यों ने इसके बाद बहिर्गमन कर दिया।

### ट्रायबल विभाग की जानकारी दी है

कांग्रेस विधायक ने कहा, 25 मौतों के अलावा 10 मौतें और बीजापुर जिले में हुई हैं। मंत्री ने कहा, ट्राइबल विभाग की जानकारी चाहिए और हमने उसकी जानकारी दी है। विधायक ने कहा, पोटा केबिन एजुकेशन के माध्यम से चलाया जाता है। गोलावंड में छात्र की मौत हुई उसकी जानकारी मंत्री बता दें। माता रुकमणी संस्था कौन चलाता है, क्या यह ट्राइबल विभाग के अंतर्गत नहीं आते? मंत्री ने जवाब दिया, हमने ट्राइबल विभाग की पूरी जानकारी दी, यदि उन्हें अन्य कोई जानकारी चाहिए तो वो अलग से देंगे।

रायपुर। सरकारी मेडिकल कालेजों में जूनियर रेजीडेंट (जेआर) के पदों को समाप्त नहीं किया जाएगा। एमबीबीएस पास होने वाले डाक्टरों को इन पदों पर नियुक्ति दी जाएगी। कुछ समय पहले रायगढ़ मेडिकल कालेज प्रबंधन द्वारा जेआर के कुछ पदों को सरेंडर करने चिकित्सा शिक्षा आयुक्त के भेजे गए पत्र के बाद विवाद खड़ा हो गया था।

# आजादी के 77 साल बाद भी नौ गांवों को नहीं मिली रोशनी, बुनियादी सुविधाएं भी गायब

### बस्तियों में अब भी अंधेरा, पीवीजीटी योजना के बाद भी अधूरी बिजली सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खैरागढ़

आजादी के 77 साल बाद भी जिले की विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह वाली बस्तियां, जिन्हे पीवीजीटी स्कीम मे शामिल किया गया है, वो अभी भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। योजना के तहत इन इलाकों को बिजली से जोड़ने का वादा किया गया था, लेकिन आज भी 9 बस्तियां घने अंधकार में रहने मजबूर हैं। सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत जरूरतों से कोसों दूर ये गांव विकास की दौड़ में काफी पीछे छूट चुके हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के मुताबिक जिले के झिलमिली, सिंगबोरा, ग्वालकुंडी, आमाटोला, निजामडीह, संजारी, कोहकझोरी, लवातरा और टिंगीपुर



**कोशिश जारी**

जिले में विशेष जनजातीय समूह वाले 47 बसाहटों मे सर्वे बाद अभी भी नौ बसाहट वाले जगहों में दूरी और वन बाधा के चलते सोलर एनर्जी उपलब्ध कराने की कोशिश जारी है। क्रेडा को इस संबंध मे पत्र लिखा गया है।

**-अशोक द्विवेदी**, कार्यपालन अभियंता सीएसपीडीसीएल

जैसी पीवीजीटी बस्तियों में अब तक बिजली कनेक्शन नहीं पहुंच सका है। यहां न सड़कें हैं, न स्वास्थ्य केंद्र और न ही उचित प्रकाश व्यवस्था। बारिश के दिनों में ये गांव पूरी तरह कट जाता है और रात होते ही यहां घना अंधेरा छा जाता है। बिजली विभाग ने इन गांवों को रोशन करने का दावा तो किया है, लेकिन हकीकत कुछ और ही है।

योजना तहत इन इलाकों में बिजली पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन वन मे पेड़ पौधों की बाधा के चलते लाइन नदारद है। हालांकि हाल ही में बिजली कंपनी ने सहायक अभियंता को पत्र जारी कर जल्द से जल्द इन गांवों को बिजली से जोड़ने के निर्देश दिया है, लेकिन ये निर्देश सिर्फ कागजों तक सीमित रहेंगे या इन बस्तियों में सच में रोशनी पहुंचेगी!

### विधानसभा परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ



**रायपुर**। विधान सभा परिसर स्थित ऐलोपैथिक चिकित्सालय में मंगलवार विधान सभा के सदस्यों के लिए आयोजित तीन दिवसीय "स्वास्थ्य परीक्षण शिविर" का शुभारंभ विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप एवं लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया। इस अवसर पर मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायकगण, विधान सभा सचिव दिनेश शर्मा एवं स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया भी उपस्थित थे। यह शिविर 20 मार्च तक रहेगा। शिविर में पं. जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के विभिन्न विशेषज्ञ एवं चिकित्सक पूर्वान्हः 11 बजे से अपरान्ह 5 बजे के मध्य विधायकों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे।

## राशिफल



**मेष** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।




**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।



**मिथुन** भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।



**कर्क** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।



**सिंह** नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।



**कन्या** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।



**तुला** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।



**वृश्चिक** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।



**धनु** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



**मकर** आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।



**कुंभ** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।



**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5810

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| | ■ | 10 | | | | ■ | 11 | 12 | ■ | |
| 13 | | | ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | 16 | |
| | ■ | | ■ | 17 | | ■ | 18 | ■ | | ■ |
| 19 | 20 | | 21 | | ■ | 22 | | 23 | | 24 |
| ■ | | ■ | | ■ | 25 | | ■ | | ■ | |
| 26 | | 27 | ■ | 28 | | ■ | ■ | 29 | | |
| | ■ | 30 | 31 | ■ | 32 | | 33 | | ■ | |
| 34 | 35 | ■ | 36 | | | ■ | | ■ | 37 | |
| 38 | | | | ■ | 39 | | | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5809 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | व | र | दा | न | ■ | म | क | स | द | ■ |
| म | ■ | ■ | न | ■ | अ | ■ | ल | ■ | ■ | नि |
| न | ■ | व्य | व | हा | र | कु | श | ल | ■ | य |
| मा | न | व | ■ | ■ | दा | ■ | ■ | कि | म | त |
| नी | ■ | था | ■ | आ | स | न | ■ | र | न | ■ |
| ■ | र | ■ | हा | रा | ■ | ह | त्या | ■ | का | ■ |
| ■ | क | वि | ■ | म | क | र | ■ | क | ■ | रा |
| ह | म | ला | ■ | ■ | ल | ■ | ■ | म | वे | शी |
| वे | ■ | प | र | व | र | दि | गा | र | ■ | फ |
| ली | ■ | ■ | स | ■ | व | ■ | या | ■ | ■ | ल |
| ■ | र | ह | म | त | ■ | घ | ब | रा | ना | ■ |

## सूडोकु नवताल 5820

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5819 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

बिलासपुर, गुरुवार 20 मार्च 2025 | चैत्र कृष्ण पक्ष षष्ठी| वर्ष : 24, अंक : 354 | पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 5.00*** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | समाचार ही नहीं, विचार भी



कोड़िया धान संग्रहण केंद्र में धान घोटाला

# चार केंद्रों में 20 लाख टन धान डंप, कोड़िया में नीलामी से पहले मिलाई जा रही थी मिट्टी, ग्रामीणों ने बनाया वीडियो, अब जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरिभूमि खास

धान खरीदी के बाद संग्रहण केंद्रों में डंप धान की सरकार नीलामी की तैयारी कर रही है और तरफ इस नीलामी से पहले धान का वजन बढ़ाने के लिए मिट्टी मिलाई जा रही है। दुर्ग जिले के कोड़िया संग्रहण केंद्र में डंप धान में यह अजीबोगरीब घोटाला सामने आया है। यहां के मजदूर धान को बोरे से निकालकर ढ़ेरी लगाकर उसमें तगाड़ी से मिट्टी मिलाते मिले हैं। इसे ग्रामीणों ने देखा और इसकी खबर उच्च अधिकारियों व मीडिया को दी। ग्रामीणों ने बताया कि कोड़िया धान संग्रहण केंद्र में मिट्टी मिलाकर धान घोटाला ▶▶|शेष पेज 4 पर

### चार धान संग्रहण केंद्रों में 20 लाख क्विंटल धान डंप

दुर्ग जिले में पांच धान संग्रहण केंद्रों में 20 लाख क्विंटल धान डंप है। इसमें कोड़िया, सेलूद, अरसनारा और जेवरासिरसा शामिल हैं। इन संग्रहण केंद्रों में दुर्ग जिले का 5 लाख ▶▶|शेष पेज 4 पर



### वृक्षारोपण के लिए मंगवाई मिट्टी

गांव के दाऊ स्व केपी चंद्राकर की बरसी है। बरसी में वृक्षारोपण करना है। इसलिए हाईवे में मिट्टी मंगवाई गई है। धान में मिट्टी नहीं मिलाई गई है।

- दीपक कन्नौजे, संग्रहण केंद्र प्रभारी कोड़िया

### नोटिस भेजा है

*संग्रहण केंद्रों में डंप धान की नीलामी होनी है। सरकार के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। कोड़िया धान संग्रहण केंद्र में धान में मिट्टी मिलाने की सूचना मिली है। इस मामले में मैंने संग्रहण केंद्र प्रभारी को नोटिस भेजा है। जवाब आने दीजिए उसके बाद देखेंगे।*

*-भौमिक बघेल, डीएमओ दुर्ग*



### धान स्टेक की क्यों लगाई ढेरी

*धान में मिट्टी मिलावट घोटाला इसलिए भी पुख्ता हो गया है कि संग्रहण केंद्रों तक धान लाने के लिए बोरे में भरकर परिवहन किया गया है। बोरे का स्टेक लगाकर उसकी गिनती की गई थी। उसके बाद सैकड़ों बोरियों से धान को निकाला गया और जमीन पर ढेरी लगाई गई है। इस ढ़ेरी में मजूदरों द्वारा तगाड़ी से मिट्टी डाली गई। सवाल यह है कि यदि धान में मिट्टी मिलावट नहीं करनी तो बोरे में भरा धान खुला जमीन पर किसलिए रखा गया। इन दिनों बारिश भी नहीं हुई है कि धान को सुखाया जा रहा।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## हर वर्ग के उत्थान के लिए बजट में प्रावधान, सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही

# जब मन सच्चा होता है,तो बनती हैं जनता की जिंदगी बदलने वाली योजनाएं

रोजगार और उद्यमिता के अवसर बढ़ाने उच्च शिक्षा, पशुपालन और ग्रामोद्योग पर विशेष फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से संबंधित विभागों की वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 19,643 करोड़ 78 लाख 42 हजार रुपए की अनुदान मांगें छत्तीसगढ़ विधानसभा में ध्वनिमत से पारित हुईं। मुख्यमंत्री ने अपने विभाग से संबंधित अनुदान मांगों पर हुई चर्चा के अंत में कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ की प्रगति और विकासशील छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाने की ओर ले जाने वाला बजट है। हमने अपने अधीन सभी विभागों में जनकल्याण और विकास के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और इसके लिए बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक राशि का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा, हर वर्ग के उत्थान के लिए बजट में समुचित प्रावधान है। सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी ▶▶|शेष पेज 4 पर



- मुख्यमंत्री के विभागों के लिए 19,643 करोड़ 78 लाख से अधिक की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित
- वर्ष 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ के लिए 'प्र-गति' का बजट तैयार

### शिक्षा के विकास में अभूतपूर्व बढ़ोतरी

स्कूली शिक्षा के लिए पिछले वर्ष की तुलना में 4.02 प्रतिशत अधिक बजट प्रावधान किया गया है। रोजगार के बेहतर अवसर उच्च शिक्षा की गुणवत्ता पर निर्भर करते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए उच्च शिक्षा के बजट में 50 प्रतिशत वृद्धि किया गया है। प्रदेश के दूरस्थ ▶▶|शेष पेज 4 पर

### भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस, मैनुअल फाइल सिस्टम होगा खत्म

श्री साय ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस नीति को दोहराते हुए कहा, भ्रष्टाचार की मूल जड़ मैनुअल फाइल प्रणाली को खत्म करने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली आगामी 1 अप्रैल से लागू होगी। ई-ऑफिस के लिए बजट में प्रावधान है। अब फाइलें कंप्यूटर पर चलेंगी और तय समय सीमा में उनका निपटारा होगा। उन्होंने कहा, आबकारी विभाग के राजस्व में सुधार इस बात का उदाहरण है कि जो पैसा पिछली सरकार में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता था, वह अब जनकल्याण में लग रहा है। हमने सभी प्रकार के लायसेंस की समस्त प्रक्रिया को इज ऑफ डूईंग बिजनेस के तहत ▶▶|शेष पेज 4 पर

### महंत ने बजट का सही उपयोग नहीं होने का लगाया आरोप

विधानसभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विभागों के बजट अनुदान मांगों पर चर्चा में भाग लेते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बेरोजगारी, बिजली संकट, खनिज उत्पादन में गिरावट, शराब नीति, परिवहन में दलाली और बजट के सही उपयोग न होने को लेकर सवाल उठाया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, विपक्ष में रहकर सरकार की गलतियों को उजागर करना हमारा ▶▶|शेष पेज 4 पर



### हेलीकॉप्टर भुगतान में जरूरत से ज्यादा, उतने में आ जाता नया

डॉ. महंत ने कहा, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग वेबसाइट अपडेट नहीं कर रहा है, जिससे जनता को सही जानकारी नहीं मिल पा रही। दिसंबर तक केवल 77 हजार करोड़ रुपये ही खर्च किए गए हैं, जबकि हेलीकॉप्टर भुगतान में जरूरत से ज्यादा राशि दी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि ▶▶|शेष पेज 4 पर

### मुख्यमंत्री जनदर्शन बंद

महंत ने कहा, औद्योगिक दुर्घटनाओं के पीड़ितों को श्रम कानून के तहत मिलने वाला मुआवजा नहीं मिल रहा है। मुख्यमंत्री निवास में लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दरख्वास्त लेकर जाते थे, लेकिन अब इस प्रक्रिया ▶▶|शेष पेज 4 पर

हरिभूमि ने प्रकाशित की थी खबर

# परीक्षा में नहीं पहुंचने वाला शराबी केंद्राध्यक्ष सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर



शराबी केंद्राध्यक्ष का पांचवीं के परीक्षार्थी करते रहे इंतजार

खबर का असर

पांचवीं की बोर्ड परीक्षा के लिए केंद्र नहीं पहुंचने वाले शराबी प्रधान पाठक शीतल राम नागदेव को निलंबित कर दिया गया है। ज्ञात हो की प्राथमिक शाला कुकूटोली में पांचवीं बोर्ड के लिए नागदेव को केंद्र अध्यक्ष बनाया गया था। सोमवार को बच्चे केंद्राध्यक्ष का इंतजार करते रहे, जब घटना की जानकारी बीईओ को मिली तो उन्होंने केंद्राध्यक्ष की खोज खबर ली। तब पता चला कि वह अपने घर के पास नशे की हालत में गिर पड़ा है। तब दूसरे केंद्राध्यक्ष को भेजकर परीक्षा संपन्न कराई गई। इस मामले में बगीचा बीईओ ने कार्रवाई के लिए पत्र लिखा था।

### निलंबन आदेश जारी

जिला शिक्षा अधिकारी ने शासकीय प्राथमिक शाला कुकुटोली के प्रधानपाठक एवं केंद्राध्यक्ष शीतल राम नागदेव को निलंबित करने का आदेश जारी किया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी फरसाबाहर तय किया गया है।

## खबर संक्षेप

### मऊगंज के कलेक्टर और एसपी का तबादला



**भोपाल।** मप्र के मऊगंज जिले में उग्र भीड़ के हमले में एएसआई के मारे जाने के कुछ दिन बाद सरकार ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक का तबादला कर दिया है। आदिवासियों के एक समूह ने 15 मार्च को कथित तौर पर एक व्यक्ति का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी।

### आतंकवादी घुसपैठ 12 स्थानों पर छापे मारे




**नई दिल्ली।** एनआईए ने आतंकवादी घुसपैठ के एक मामले में जम्मू में कई स्थानों पर छापे मारे। लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों के भारत में घुसपैठ करने की सूचना के आधार पर पिछले साल मामला दर्ज किया गया था।

### दफ्तर ले जा रहे वाहन में आग, चार की मौत



**पुणे।** पुणे के पास बुधवार सुबह एक निजी कंपनी के कर्मचारियों को ले जा रहे वाहन में आग गई जिससे चार लोगों की मौत हो गई। घटना पिंपरी चिंचवड इलाके के हिंजेवाडी में हुई। ट्रेंपो ट्रैवलर निजी कंपनी के कुछ कर्मचारियों को उनके दफ्तर ले जा रहा था।

### निजी अस्पतालों के लिए बनाया जाए प्राधिकार



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में भाजपा सहित सत्ता पक्ष के कई सदस्यों ने देश में पिछले दस वर्ष के दौरान मेडिकल शिक्षा में सीटों की संख्या बढ़ाए जाने के लिए सरकार की सराहना की। आरएलएम के सदस्य ने सुझाव दिया कि निजी अस्पतालों के नियमन के लिए कोई प्राधिकार बनाया जाना चाहिए ताकि लोगों को सही ढंग से उपचार मिल सके।

कांग्रेस की हार पर ऐसी तकरार

# धनेंद्र ने कहा- कुंभ पर बयान का हुआ असर भूपेश ने पूछा- क्या आप हाईकमान के खिलाफ?

- दीपक बैज के अध्यक्ष बने रहने पर उठा सवाल तो जमकर भड़के भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की लगातार हार के बाद हुई हाईप्रोफाइल बैठक में जमकर तकरार देखने को मिला। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की मौजूदगी में हुई बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल फायरब्रांड अंदाज में नजर आए। बैठक में भूपेश बघेल पीसीसी चीफ दीपक बैज का खुलकर समर्थन करते नजर आए। वहीं अनुशासन के मामलों को लेकर उन्होंने वरिष्ठ नेताओं को जमकर खरी खोटी सुनाई। शुरुआत वरिष्ठ नेता धनेंद्र साहू की कुंभ पर टिप्पणी से हुई। हार के कारण गिनाते हुए धनेंद्र साहू ने कहा कि कुंभ को लेकर बयानबाजी का नतीजों ▶▶|शेष पेज 4 पर



### बैज को राहुल-खड़गे ने बनाया अध्यक्ष

बैठक के दौरान एक नेता ने दीपक बैज के अध्यक्ष रहने या नहीं रहने को लेकर टिप्पणी की। इस पर भूपेश बघेल ने सख्त अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि दीपक बैज को अध्यक्ष राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने बनाया है।

### क्या ऐसे चलेगा संगठन

बिलासपुर में जिला कांग्रेस अध्यक्ष के प्रदेश पदाधिकारी को नोटिस देने और विधायक के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा पर भी भूपेश बघेल जमकर भड़के। उन्होंने पायलट की ▶▶|शेष पेज 4 पर

### अब तक संकोच कर रहे थे, अब नहीं

पार्टी के खिलाफ बयानबाजी और अनुशासनहीनता को लेकर सचिन पायलट ने भी सख्त टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि अब तक हम कार्रवाई ▶▶|शेष पेज 4 पर

### राम मंदिर नहीं गए फिर भी जीते अयोध्या

*कुंभ में नहीं जाने के स्टैंड को लेकर सवाल उठे तो भूपेश बघेल ने राम मंदिर मामले का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा राम मंदिर को लेकर भी पार्टी ने लाइन तय की थी। तब भी कई तरह की बातें हुई, लेकिन गठबंधन ने अयोध्या में जीत दर्ज की।*

## सरकार का उद्देश्य डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना

# यूपीआई से 2000 रुपए तक का भुगतान मुफ्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


अलग खबर

केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को कई अहम फैसले किए। इसमें भुगतान के रूप में तेजी से विकसित हो रहे यूपीआई पर लगने वाले शुल्क को लेकर भी फैसला किया गया। अब 2000 रुपए तक के यूपीआई भुगतान पर लगने वाले शुल्क को खत्म कर दिया जाएगा। केंद्रीय कैबिनेट के इस फैसले से यह पक्का हो गया है कि देश में यूपीआई का भुगतान अब पूरी तरह से मुफ्त रहेगा।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने करीब 1,500 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को बुधवार को मंजूरी दी।

### यूरिया के लिए लगेगा संयंत्र

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने असम में यूरिया संयंत्र की स्थापना को बुधवार को मंजूरी दे दी। इसकी अनुमानित लागत 10,601.4 करोड़ रुपए है। यह मंजूरी इस प्रमुख फसल पोषक तत्व के आयात को कम करने और भारत को इसके मामले में आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास के तहत दी गई है।





### किसको होगा फायदा?

योजना के तहत, 2,000 रुपए तक के यूपीआई लेनदेन के लिए प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। इससे विशेष रूप से छोटे व्यापारियों को लाभ होगा। सरकार का लक्ष्य व्यापारियों और उपभोक्ताओं पर वित्तीय बोझ को कम करते हुए डिजिटल भुगतान की पहुंच बढ़ाना है।

### कितना फायदा

कोई ग्राहक 1000 रुपए का सामान खरीदता है और यूपीआई से पेमेंट करता है, तो दुकानदार को 1.5 रुपये का इंसेंटिव मिले। इसके साथ ही बैंकों को भी इंसेंटिव मिलेगा। सरकार, बैंकों के दावे की 80फीसदी राशि तुरंत दे देगी। सरकार का उद्देश्य डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना और कैशलेस अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

### दूध उत्पादन बढ़ाने की तैयारी

*सरकार ने बुधवार को दूध उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से दो योजनाओं के लिए परिव्यय बढ़ाकर 6,190 करोड़ रुपए कर दिया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन और राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है। दूध उत्पादन और किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए दोनों योजनाओं में अब कुल परिव्यय 6,190 करोड़ रुपए होगा।*



19- MAR- COR- MAIN- Pg- 4 SAMPADKI_Layout 1 3/19/2025 10:22 PM Page 1



## चिंतन

# सुनीता व विल्मोर की वापसी स्पेस साइंस की बड़ी उपलब्धि

भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने नौ माह अंतरिक्ष में रहने के बाद पृथ्वी पर सकुशल लौट कर नया कीर्तिमान रच दिया है। यह स्पेस साइंस की बड़ी उपलब्धि है। भारतीय मूल की वैज्ञानिक कल्पना चावला इतनी खुशनसीब नहीं थीं, वापसी के दौरान उनकी मौत हो गई थी। विलियम्स यूं तो पहले भी दो बार अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जा चुकी हैं लेकिन शायद ही उन्होंने यह कल्पना की होगी कि तीसरी बार अंतरिक्ष में जाने के बाद उन्हें वापसी के लिए लंबा इंतजार करना होगा और यह घटना इतिहास के पन्नों में दर्ज होगी। इससे पहले विलियम्स 16 अप्रैल 2007 को अंतरिक्ष में मैराथन दौड़ने वाली पहली व महिला बनीं। वह 2012 में अपनी दूसरी अंतरिक्ष उड़ान के दौरान अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का नेतृत्व करने वाली एकमात्र दूसरी महिला बनीं। विलियम्स ने अपने अंतरिक्ष मिशन के तुरंत बाद 2007 और 2013 सहित कम से कम तीन बार भारत का दौरा किया है और उन्हें 2008 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इस बार सुनीता ने अंतरिक्ष में मानवीय जीवटता और दृढ़ता का इतिहास फिर से लिख दिया है। सुरक्षित वापसी एक उल्लेखनीय उपलब्धि है और यह नासा, 'स्पेसएक्स' तथा अंतरिक्ष अभियान के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। भारत के पास अपने अंतरिक्ष अभियान में विलियम्स की विशेषज्ञता का लाभ उठाने का अवसर मिल सकता है। नासा के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर 'स्पेसएक्स' यान के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से प्रस्थान करने के कुछ ही घंटों बाद इसे फ्लोरिडा पैनहैंडल के तेलाहासे जलक्षेत्र में उतारा गया। दोनों अंतरिक्ष यात्री नौ महीने पहले बोइंग की एक परीक्षण उड़ान के जरिये अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे थे। दोनों अंतरिक्ष यात्री पांच जून 2024 को बोइंग के नए स्टारलाइनर क्रू यान में सवार होकर अंतरिक्ष में गए थे और उनके एक सप्ताह बाद ही लौटने की उम्मीद थी। अंतरिक्ष स्टेशन के रास्ते में इतनी सारी समस्याएं आईं कि नासा को अंततः स्टारलाइनर को खाली वापस धरती पर लाना पड़ा और अंतरिक्ष यात्रियों की घर वापसी में देरी हुई। रविवार को अंतरिक्ष स्टेशन में अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के पहुंचने से स्पष्ट हो गया था कि अब विलियम्स और विल्मोर की वापसी का रास्ता साफ है। दोनों नासा के निक हेग और रूस के अलेक्जेंडर गोरबुनोव के साथ वापस लौटे हैं। विल्मोर और विलियम्स ने अंतरिक्ष में 286 दिन बिताए। उन्होंने पृथ्वी की 4,576 बार परिक्रमा की और 'स्पलैशडाउन' (यान के उतरने) के समय तक 12 करोड़ 10 लाख मील की यात्रा की। विल्मोर और विलियम्स के अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसने के बाद दुनिया का ध्यान उनकी ओर गया और 'स्टक एट वर्क' शब्द गढ़ा गया तथा उन्हें 'बुच और सुनी' जैसे नामों से बुलाया जाने लगा। इससे पहले किसी भी अंतरिक्ष यात्री को इतनी अनिश्चितता का सामना नहीं करना पड़ा या उनका मिशन इतना लंबा नहीं खिंचा। सुनीता विलियम्स ने नौ बार अंतरिक्ष में चहलकदमी करके रिकॉर्ड बनाया। इस क्रम में उन्हें 62 घंटे लगे। विलियम्स ने अंतरिक्ष में सबसे ज़्यादा चहलकदमी करने का महिला अंतरिक्ष यात्री होने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे रहने का दोष किसी पर नहीं मढ़ा। यह दोनों का बड़प्पन है। यह मिशन धैर्य, साहस और असीम मानवीय भावना की परीक्षा थी। उनकी ऐतिहासिक यात्रा असाधारण साहस की कहानी है। विलियम्स की दृढ़ता और समर्पण दुनियाभर में अंतरिक्ष के क्षेत्र में रुचि रखने वाले लोगों को प्रेरित करते रहेंगे।



## विश्लेषण

सैयद नसरुद्दीन चिश्ती

# वक़्फ संस्थाओं में सुधार की जरूरत

> इस्लाम की रहस्यवादी शाखा सूफीवाद ने भारत के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सदियों से, सूफी संतों और उनकी आध्यात्मिक शिक्षाओं ने धार्मिक और जातिगत सीमाओं को पार करते हुए बड़ी संख्या में अनुयायियों को आकर्षित किया है। अपने आध्यात्मिक प्रभाव के साथ-साथ, सूफियों ने वक़्फ़ जैसी संस्थाओं के विकास में भी योगदान दिया, जो इस्लामी कानून के तहत धर्मार्थ सेवा हेतु संपत्ति का दान है। वक्फ सूफी तीर्थस्थलों के बुनियादी ढांचे को बनाए रखने में सहायक रहा है, जिन्हें दरगाह के रूप में जाना जाता है, जो आध्यात्मिकता, सामाजिक कल्याण और सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण केंद्रों के रूप में कार्य करते हैं।

इस्लाम का आध्यात्मिक आयाम सूफीवाद एक ऐसा मार्ग है, जो प्रेम, करुणा, मानवता की सेवा और आंतरिक शुद्धि पर जोर देता है। भारत के महान सूफी संतों, जैसे हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (आरज़ेड), हजरत निजामुद्दीन औलिया (आर.ए.) और कई अन्य सूफी संतों ने सभी समुदायों के बीच शांति (अमन), सहिष्णुता और एकता के सार्वभौमिक संदेश को फैलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनकी शिक्षाएं जाति, पंथ और धर्म से परे थीं और उन्होंने इंसानियत और आध्यात्मिक ज्ञान की संस्कृति को बढ़ावा दिया। इन औलिया-ए-किराम द्वारा स्थापित ख़ानक़ाह और दरगाह आध्यात्मिक मार्गदर्शन, दान, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के केंद्र बन गए, ऐसे स्थान जहां भूखों को खाना खिलाया जाता था, बीमारों का उपचार किया जाता था और सच्चे मार्ग की खोज करने वालों को आध्यात्मिक प्रकाश प्राप्त होता था। इस्लाम की रहस्यवादी शाखा सूफीवाद ने भारत के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सदियों से, सूफी संतों और उनकी आध्यात्मिक शिक्षाओं ने धार्मिक और जातिगत सीमाओं को पार करते हुए बड़ी संख्या में अनुयायियों को आकर्षित किया है। अपने आध्यात्मिक प्रभाव के साथ-साथ, सूफियों ने वक़्फ़ जैसी संस्थाओं के विकास में भी योगदान दिया, जो इस्लामी कानून के तहत धर्मार्थ सेवा हेतु संपत्ति का दान है। वक्फ सूफी तीर्थस्थलों के बुनियादी ढांचे को बनाए रखने में सहायक रहा है, जिन्हें दरगाह के रूप में जाना जाता है, जो आध्यात्मिकता, सामाजिक कल्याण और सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण केंद्रों के रूप में कार्य करते हैं। सूफीवाद और वक्फ एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। एक तरफ, सूफी खुद को अल्लाह की सेवा में समर्पित करते हैं और दूसरी तरफ वे अपनी पूरी संपत्ति को धर्म, जाति और पंथ से परे लोगों के हित और सामाजिक कल्याण में समर्पित करते हैं।

मैं वक़्फ़ की उल्लेखनीय विरासत पर एक संक्षिप्त विचार साझा करना चाहता हूं, जिसने हमारे पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के समय से समाज के उत्थान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, एक संस्था जो इस्लामी इतिहास और आध्यात्मिकता में गहराई से निहित है। वक़्फ़ के शुरुआती और सबसे गहन उदाहरणों में से एक हजरत उस्मान ए गनी (रज़ी अल्लाहु तआला अन्हु) द्वारा मदीना मुनव्वरा में स्थापित किया गया था। पानी की कमी के समय में, उन्होंने बीर-ए-रुमा कुआं खरीदा और इसे वक़्फ़ के रूप में समर्पित कर दिया, जिससे इसका पानी मदीना के लोगों को आसानी से उपलब्ध हो गया। उनकी निस्वार्थ उदारता ने इस्लाम में सबसे पहले वक़्फ़ योगदानों में से एक को चिह्नित किया। इससे भी ज़्यादा प्रेरणादायक बात यह है कि हज़रत उस्मान ए गनी (आरज़ेड) का वक़्फ़ आज भी सक्रिय है, चौदह शताब्दियों से भी ज़्यादा समय बीतने के बाद भी। बीर-ए-रुमा के आस-पास की ज़मीन को वक़्फ़ घोषित किया गया था और यह खजूर की खेती सहित आधुनिक साधनों के ज़रिए आय सृजित करता है। इस वक़्फ़ से




मिलने वाली आय का उपयोग मदीना में धर्मार्थ कार्यों के लिए किया जाता है, जिसमें अनाथों, विधवाओं और तीर्थयात्रियों की सहायता शामिल है।

यह सदाक़ा जारिया (निरंतर दान) का एक जीवंत उदाहरण है, जो शुरुआती वक़्फ़ के लंबे समय बाद भी पीढ़ियों को लाभान्वित करता रहा है। इस दिव्य उदाहरण का अनुसरण करते हुए, भारत के सूफी संतों ने मानवता की सेवा और समाज के उत्थान के इरादे से विशाल भूमि और संपत्ति को वक्फ के रूप में समर्पित किया। इन वक्फ दानों ने खानकाह और दरगाहों की स्थापना, आध्यात्मिक मार्गदर्शन और आतिथ्य प्रदान करने, धर्म या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना गरीबों को भोजन कराने के लिए लंगर (सामुदायिक रसोई) चलाने, वंचितों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना, अस्पताल और औषधालय स्थापित करने, बीमार और जरूरतमंदों को चिकित्सा उपचार प्रदान करने और अनाथों, विधवाओं और छात्रों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ये पहले सूफीवाद के मूलभूत मूल्यों-सेवा, उदारता और करुणा को दर्शाती हैं और इन मूल्यों ने पूरे भारतीय इतिहास में एक सामंजस्यपूर्ण और समावेशी समाज के निर्माण में मदद की। दुर्भाग्य से, वर्तमान समय में, भारत में कई वक्फ संपत्तियों का उपयोग मंशा-ए-वाक़िफ (दाता की मूल मंशा) के अनुसार नहीं किया जा रहा है।

कई राज्य वक्फ बोर्डों में व्यापक कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और जवाबदेही की कमी के कारण मूल्यवान वक्फ भूमि और संस्थानों की उपेक्षा, दुरुपयोग और अवैध कब्जे हुए हैं। इसने अनगिनत लोगों को उन सेवाओं और सहायता से वंचित कर दिया है, जिन्हें ये वक्फ संपत्तियां प्रदान करने के लिए बनाई गई थीं। अपने बहुत बड़े योगदान के बावजूद, वक़्फ़ संपत्तियां और दरगाह आधुनिक भारत में कई चुनौतियों का सामना कर रही हैं। वक्फ बोर्डों के भीतर कु-प्रशासन और भ्रष्टाचार के कारण कई वक्फ भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किया गया है या उनका दुरुपयोग किया गया है। वक्फ प्रशासन में वित्तीय कुप्रबंधन के आरोप लगे हैं, जिससे राजस्व का नुकसान हुआ है। कई लोग वक्फ के महत्व और सामुदायिक कल्याण में इसकी संभावित भूमिका से अनजान हैं, जिससे वक्फ संसाधनों का कम उपयोग हो रहा है। कई वक्फ संपत्तियां स्वामित्व को लेकर कानूनी विवादों में उलझी हुई हैं, जिससे सार्वजनिक लाभ के लिए उनके प्रभावी उपयोग में देरी हो रही है।

वक्फ संस्थाओं को मजबूत बनाने और सामुदायिक कल्याण में उनकी भूमिका बढ़ाने के लिए कुछ उपायों पर विचार किया जा सकता है। अतिक्रमण को रोकने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वक्फ संपत्तियों के लिए डिजिटल रिकॉर्ड लागू करना, वक्फ प्रशासन की देखरेख करने और वित्तीय कुप्रबंधन को रोकने के लिए स्वतंत्र नियामक निकायों की स्थापना करना, शैक्षिक और स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर प्रबंधन के लिए वक्फ संस्थानों और निजी संस्थाओं के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना, वक्फ योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाना और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में स्थानीय समुदायों को शामिल करना और वक्फ से संबंधित विवादों को कुशलतापूर्वक हल करने के लिए कानूनी प्रक्रियाओं को तेज करना कुछ ऐसे कदम हैं, जो उठाए जा सकते हैं। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम वक्फ की विरासत और सूफीवाद की शिक्षाओं का सम्मान करें, यह सुनिश्चित करें कि ये पवित्र न्यास समाज को लाभान्वित करते रहें और शांति, प्रेम और मानवता की सेवा के मूल्यों को बनाए रखें।

(लेखक दरगाह हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती (आरए) के वंशानुगत सज्जादानशीन के उत्तराधिकारी और एआईएसएससी के अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## प्रेरक व्यक्तित्व

डॉ. सत्यवान सौरभ




# सुनहरा लम्हा : अंतरिक्ष यात्रियों के लिए खुले रास्ते

नासा की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर, जो पिछले नौ महीने से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर थे, आज सफलतापूर्वक धरती पर लौट आए हैं। स्पेस एक्स के ड्रैगन कैप्सूल की मदद से उन्होंने मेक्सिको की खाड़ी में सुरक्षित लैंडिंग की। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए अंतरिक्ष में गए थे। हालांकि, स्टारलाइनर में तकनीकी खामी के कारण उनकी वापसी में देरी हुई, जिससे वे नौ महीने तक अंतरिक्ष स्टेशन पर रहे। उनकी वापसी के लिए स्पेस एक्स का क्रू-10 मिशन लॉन्च किया गया था, जो सफलतापूर्वक उन्हें धरती पर वापस लाया। यह मिशन न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि इससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों को समझने में भी मदद मिलेगी। इससे नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों को भविष्य के गहरे अंतरिक्ष अभियानों, जैसे कि मंगल पर मानव मिशन की योजना बनाने में सहायता मिलेगी। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियां अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएं और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियां शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री हैं, जिनका भारत से गहरा जुड़ाव रहा है। उनके पिता भारतीय मूल के हैं और उन्होंने कई बार भारत के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया है। भारत में अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान की बढ़ती उपलब्धियों के बीच, सुनीता विलियम्स एक प्रेरणास्रोत बनी हुई हैं। इसरो भी अब मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। इसरो ने हाल ही में गगनयान के लिए प्रमुख परीक्षण पूरे किए हैं और आने वाले वर्षों में भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन को लॉन्च करने की योजना बना रहा है। सुनीता विलियम्स की उपलब्धियां न केवल भारतीय वैज्ञानिकों बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। उनकी सफलता यह दिखाती है कि भारतीय मूल के लोग वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। भविष्य में, इसरो और नासा के बीच सहयोग बढ़ सकता है, जिससे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को और मजबूती मिलेगी। सुनीता विलियम्स न केवल एक उत्कृष्ट अंतरिक्ष यात्री हैं, बल्कि एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी हैं। उनका सफ़र यह दर्शाता है कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और विज्ञान के प्रति जुनून कैसे किसी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित किया है कि वे अंतरिक्ष अनुसंधान और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ें। उन्होंने कई मौकों पर भारतीय छात्रों और युवाओं को वैज्ञानिक क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उनके अनुभव और उपलब्धियां न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि विज्ञान और तकनीक में रुचि रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक प्रेरणा हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि सीमाएं केवल मानसिकता में होती हैं और यदि कोई लक्ष्य निर्धारित किया जाए, तो उसे प्राप्त किया जा सकता है। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियां अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएं और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियां शामिल हैं। सुनीता विलियम्स की यह वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनीता विलियम्स की सफल वापसी पर बधाई दी और उनके साहस तथा समर्पण की सराहना की।

(लेखक कवि, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित

## दर्शन

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।

# अच्छी बातें जीवन में उतारने पर ही लाभ मिलेगा




संकलित

## प्रेरणा

द्वापर युग में द्रोणाचार्य को भीष्म पितामह ने कौरव और पांडव राजकुमारों का गुरु बना दिया था। एक दिन द्रोणाचार्य ने सभी राजकुमारों को एक पाठ दिया और कहा कि कल इस पाठ को आत्मसात करके आना है। आत्मसात शब्द का अर्थ है जीवन में, अपने आचरण में उतारना। अगले दिन सभी राजकुमार गुरु के आश्रम में पहुंच गए। पढ़ाई शुरू हुई तो द्रोणाचार्य ने पूछा कि कौन-कौन कल का पाठ याद करके आया है? युधिष्ठिर को छोड़कर बाकी सभी राजकुमारों ने कह दिया कि हमने ये पाठ याद कर लिया है। गुरु ने युधिष्ठिर से पूछा कि तुमने पाठ याद क्यों नहीं किया है? युधिष्ठिर ने कहा कि मैंने अभी तक ये पाठ आत्मसात नहीं किया है। ये बात सुनकर द्रोणाचार्य हैरान थे। कुछ देर सोचकर गुरु ने कहा कि ठीक है कल याद करके आना। इसके बाद दस दिन बीत गए, लेकिन युधिष्ठिर को वो पाठ अब तक याद नहीं हुआ था। जबकि अन्य राजकुमार युधिष्ठिर से 10 पाठ आगे पहुंच गए थे। द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से पूछा कि आखिर बात क्या है। युधिष्ठिर ने कहा कि गुरुदेव, जैसे मेरे भाइयों ने ये पाठ याद किया है, वैसे तो मुझे याद है, लेकिन आपने कहा था कि इस पाठ को आत्मसात करना है। आपने सत्य को जीवन में उतारने का पाठ दिया था और मैं सत्य को जीवन में उतार नहीं पा रहा हूं। जब तक मैं इसे आत्मसात नहीं कर लूंगा, जब तक मैं सत्य को जीवन में नहीं उतार लूंगा, तब तक मैं इससे आगे नहीं बढ़ पाऊंगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### होली, मस्जिदें और तिरपाल

जैसे ही होली के पावन अवसर पर खबर आई कि मस्जिदों पर तिरपाल ओढ़ाई गई, ख्याल आया कि मस्जिदों का सफेद रंग होने के चलते रंग-बिरंगे रंगों से वे खराब न हो जाएं, इसलिए मुस्लिम भाइयों ने मस्जिदों को ढका होगा। लेकिन यहां तो सांप्रदायिकता की बू आ रही है। पता चल रहा है कि वे होली के रंग अपने धर्मस्थलों पर लगवाना ही नहीं चाहते। यह धर्मान्धता है। हिंदू-मुसलमान त्योहारों को खुशी से मनाते हैं, जैसे क्रिसमस, ईद आदि, और अगर कोई त्योहार मनाते नहीं हैं तो किसी त्योहार का इस तरह तिरस्कार नहीं करते हैं। अगर मस्जिदों को ढकने का निर्णय सिर्फ प्रदूषण से बचाव है, तो ठीक है, परंतु अगर रंगों से बचाव संस्कृति से बचाव है, तो यह सही नहीं है।

*– संतोष जायसवाल, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# बलूचिस्तान में तीन विवि ने ऑनलाइन कक्षाएं शुरू की




पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के तीन विश्वविद्यालयों ने सुरक्षा कारणों से अनिश्चित काल के लिए परिसर में कक्षाएं निलंबित कर दी हैं और छात्रों को ऑनलाइन माध्यम से कक्षाओं में भाग लेने के लिए कहा है। मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली। प्रांत में आतंकी हमलों में वृद्धि के बीच विश्वविद्यालयों ने यह कदम उठाया है। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, बलूचिस्तान विश्वविद्यालय, सरदार बहादुर खान महिला विश्वविद्यालय और तुर्बत विश्वविद्यालय ने डीन और शैक्षणिक विभागों के प्रमुखों के साथ परामर्श के बाद यह निर्णय लिया। पिछले सप्ताह आतंकवादियों ने सिबी के पास जाफर एक्सप्रेस को कब्जे में लेकर यात्रियों को बंधक बना लिया था। इस हमले में 18 सुरक्षाकर्मियों समेत 26 बंधकों की जान चली गई थी। तब से बलूचिस्तान में कई हमले हो चुके हैं। सूत्रों ने बताया कि हाल ही में हुए हमलों और सुरक्षा खतरों के बाद तीनों विश्वविद्यालयों ने कक्षाएं ऑनलाइन कर दी हैं।

## ऑफ बीट

# बीएमआई नहीं बता सकता कि हम स्वस्थ हैं या नहीं



हम जानते हैं कि 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) किसी के वजन और उससे जुड़े स्वास्थ्य के आकलन के लिए उपयुक्त प्रक्रिया नहीं है, लेकिन यह चिकित्सकों, जनसंख्या शोधकर्ताओं और निजी प्रशिक्षकों के लिए यह उपयोगी उपकरण बना हुआ है। बीएमआई लोगों को चार वजन श्रेणियों में वर्गीकृत करने की एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त जांच विधि है : कम वजन (बीएमआई 18.5 से कम), सामान्य वजन (18.5 से 24.9), अधिक वजन (25.0 से 29.9) या मोटापा (30 या अधिक)। किसी के वजन को उसकी लंबाई के वर्ग से विभाजित करके इसका पता लगाया जाता है। बेल्जियम के गणितज्ञ लैम्बर्ट एडोल्फ जैकस क्यूटलेट (1796-1874) ने औसत पश्चिमी यूरोपीय व्यक्ति की शारीरिक विशेषताओं का पता लगाने के लिए 1832 में एक गणितीय मॉडल 'बीएमआई' को इजाद किया था। इसे शुरू में क्यूटलेट इंडेक्स कहा गया और इसे कभी भी चिकित्सकीय आकलन का उपकरण नहीं माना गया। 1972 में क्यूटलेट इंडेक्स को 'बॉडी मास इंडेक्स' कहा गया। गणितीय सूत्र का उपयोग करके किसी के स्वास्थ्य का पूरा आकलन करना संभव नहीं है।

## ट्रेंड

### संगीत दिग्गज इलैयाराजा



राज्यसभा सांसद थिरु इलैयाराजा एक ऐसे संगीत दिग्गज हैं जिनकी प्रतिभा का हमारे संगीत और संस्कृति पर बहुत बड़ा प्रभाव है। वे हर मायने में एक अग्रणी व्यक्ति हैं और उन्होंने कुछ दिन पहले लंदन में अपनी पहली पश्चिमी शास्त्रीय सिम्फनी, वैलिएंट प्रस्तुत करके इतिहास रच दिया।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### विलियम्स का स्वागत



पृथ्वी पर वापस आने पर आपका स्वागत है, सुनीता विलियम्स। अंतरिक्ष में आपकी 9 महीने की अविश्वसनीय यात्रा वास्तव में प्रेरणादायक रही है। आपका साहस और समर्पण पीढ़ियों तक सपनों को प्रज्ज्वलित करता रहेगा।

-अरविन्द केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### नारी सुरक्षा की व्यवस्था



सपा के शासनकाल में उप्र में शुरू हुए 'महिला सुरक्षा' के लिए समर्पित '1090' मॉडल को अब राजस्थान सरकार अपना रही है। इससे नारी सुरक्षा की प्रभावकारी और सार्थक व्यवस्था तैयार होगी।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### सक्रिय दृष्टिकोण



भारत सरकार ने बहुत सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया है। ऊर्जा स्वतंत्रता और खनिज सुरक्षा के अलावा, संसाधन क्षेत्र विकास, बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन और गरीबी उन्मूलन प्रदान करेगा।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com




• खून की कमी • पेडू में दर्द • कमर कटना • तनाव • चिड़चिड़ापन
90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक
• कमज़ोरी • हथेली व तलवों में जलन • खून साफ़ करे • रूप निखारे
आदि में सहायक
पूरे माह रहें एक्टिव, फिट व स्वस्थ
हेमपुष्पा
Helpline: 011-23261111
Samvad-2380Hindi
• Source: Brand Research Report, IBC 2018

# राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ें: अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को लोकसभा में रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों और चर्चा पर जवाब दिया। अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय रेल की प्रगति को रेखांकित करते हुए नियमितता, रोजगार, सुरक्षा, निर्यात और इंफ्रा डेवलपमेंट को प्राथमिकता दी। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रोजगार देने में भी रेलवे सबसे आगे है। बुलेट ट्रेन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि हमें देश को आगे ले जाना है। बुलेट ट्रेन जैसे प्रोजेक्ट्स आने वाली पीढ़ियों के लिए बनाए जा रहे हैं। रेल मंत्री ने नॉर्थ ईस्ट में रेलवे प्रोजेक्ट्स में अभूतपूर्व प्रगति का जिक्र करते हुए कहा कि सिक्किम में सेवक से रंगपो तक रेल प्रोजेक्ट पहुंच रहा है, असम में नए काम शुरू हुए हैं और त्रिपुरा में आजादी के बाद पहली बार ब्रॉड गेज लाइन शुरू हुई है। केंद्र सरकार ने हर राज्य के लिए रेलवे विकास हेतु ऐतिहासिक बजट आवंटित किया है। उन्होंने देश की प्रगति के लिए सभी से राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। रोजगार सृजन का जिक्र करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि भारतीय रेल ने पिछले 10 वर्षों में 5 लाख से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान किया है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। वर्तमान में भी 1 लाख लोगों के लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही है।



रेल मंत्री ने कहा कि अब भारतीय रेल में सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कई तकनीकी बदलाव किए गए हैं। लंबे रेल, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, फॉग सेफ्टी डिवाइस जैसे कदमों ने रेल यात्रा को और सुरक्षित बनाया है। 50,000 किलोमीटर पुराने ट्रैक को हटाकर नए ट्रैक बिछाए गए हैं, जिससे सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 34,000 किलोमीटर नए रेलवे ट्रैक बनाए गए हैं, जो जर्मनी के पूरे रेल नेटवर्क से भी अधिक है। लोकोमोटिव उत्पादन में भी भारत ने बाजी मारी है। रेल मंत्री ने कहा कि देश में 1,400 लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ जो अमेरिका और यूरोप के कुल उत्पादन से अधिक है। भारतीय रेल ने वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। रेल मंत्री ने सदन को जानकारी देते हुए कहा कि आज भारत एक बड़ा रेलवे निर्यातक बन चुका है। उन्होंने कहा कि जल्द ही बिहार में बने लोकोमोटिव का दुनिया में डंका बजेगा और तमिलनाडु में निर्मित पहिए दुनिया के दूसरे देशों की ट्रेनों में भी दौड़ते नजर आएंगे। यह भारत के लिए गर्व का क्षण है। रेल मंत्री ने कहा कि कोलकाता मेट्रो रेल प्रोजेक्ट में ऐतिहासिक प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि रेलवे का लक्ष्य हर कोने को रेल नेटवर्क से जोड़ना और यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं देना है। भारत में आज विश्व का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण कार्यक्रम (अमृत भारत स्टेशन) चलाया जा रहा है। लोकसभा में रेल मंत्री ने सभी दलों के सांसदों से अनुरोध करते हुए कहा कि कृपया अपने क्षेत्र में स्टेशनों पर काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। हम गुणवत्ता पर ध्यान देंगे।

## सुनीता विलियम्स के पैतृक गांव में 9 महीने तक अखंड ज्योति जलाए बैठे रहे लोग

## 9 महीने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर रहने के बाद धरती पर लौट आई हैं भारतवंशी वैज्ञानिक

## भारत सहित दुनियाभर में है जश्न का माहौल

# प्रार्थना हुई स्वीकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 9 महीने रहने के बाद भारतीय मूल की अमेरिकी वैज्ञानिक सुनीता विलियम्स धरती पर लौट आई हैं। तय कार्यक्रम के मुताबिक बुधवार तड़के फ्लोरिडा तट पर उनकी सुरक्षित लैंडिंग हुई। सुनीता विलियम्स की धरती पर सुरक्षित वापसी से भारत में भी जश्न का माहौल है, विशेषकर सुनीता के पैतृक गांव (मेहसाणा जिला) में तो होली-दिवाली एक साथ मना गई है। गांव वाले विलियम्स की धरती पर सुरक्षित वापसी के लिए के लिए 9 महीने तक 'अखंड ज्योति' जलाकर प्रार्थना करते रहे। इसे तभी प्रज्वलित किया गया था जब सुनीता अंतरिक्ष में गई थीं। सुनीता की वापसी के के बाद गांव में जमकर आतिशीबाजी की गई तो लोगों ने एक दूसरे को गुलाल भी लगाए। ढोल बजाकर लोग खूब नाचे। विलियम्स के चचेरे भाई नवीन पांड्या के अनुसार, विलियम्स के सम्मान में एक भव्य जुलूस निकालने की भी तैयारी की गई है।



**गांव में उत्सव का माहौल :** पांड्या ने कहा कि गांव में उत्सव का माहौल है और हर कोई उनकी वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहा था। हम भविष्य में उन्हें झूलासण आने के लिए जरूर आमंत्रित करेंगे। उनका अपने पैतृक गांव में हमारे बीच होना हमारे लिए सम्मान की बात होगी।'

### झूलासण में रहते हैं सुनीता के रिश्तेदार

सुनीता विलियम्स का पैतृक गांव गुजरात के मेहसाणा जिले में है। यहां के झूलासण गांव से ही सुनीता के पिता अमेरिका गए थे। सुनीता के पिता दीपक पांड्या इसी गांव से 1957 में अमेरिका गए थे। सुनीता के कई रिश्तेदार और परिवार के लोग झूलासण में रहते हैं। 2006 और 2013 में सुनीता विलियम्स खुद भी यहां आ चुकी हैं।

### हाथ में गीता, हृदय में श्रीगणेश और सिर पर डोल माता का आशीर्वाद

*सुनीता और विल्मोर के विमान की लैंडिंग की प्रक्रिया में सांसें थामने वाला 7 मिनट का एक पल भी था। यह वही स्थिति थी जो कल्पना चावला के साथ एक न भूलने वाला हादसा बन गई थी, लेकिन सुनीता विलियम्स ने इस पल को जिस बहादुरी और आत्मिक शक्ति के साथ पार किया उसमें उनकी उस आध्यात्मिक शक्ति का भी योगदान मानना चाहिए, जिसपर पर वो भरोसा करती हैं। वह अपने आप को श्रीकृष्ण के युगांतकारी संदेश गीता के करीब पाती हैं। श्रीगणेश की विघ्नहर्ता छवि के सामने नतमस्तक होती हैं। महादेव शिव के कॉस्मिक योग और तप को जीवन का जीवंत स्वरूप मानती हैं। इसके साथ पवित्र ओंकार और स्वास्तिक चिह्न में भी उनकी आस्था है, जिनके निशान और छवियां वह अपने साथ रखती हैं। वह अपने पहले स्पेस मिशन में पैतृक गांव झूलसाणा में मौजूद कुलदेवी डोल माता के मंदिर से प्रसाद स्वरूप चुनरी भी ले गई थीं।*

# पूर्वोत्तर पर विशेष ध्यान: तोखन



**नई दिल्ली।** मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड कॉन्गकल संगमा ने केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू से सौजन्य भेंट की। इस बैठक में आवासन एवं शहरी विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों, विशेष रूप से मेघालय के विकास और प्रगति से संबंधित मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई।

बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने इस बात पर विचार-विमर्श किया कि स्वच्छ भारत मिशन, अमृत और पीएम स्वनिधि जैसी प्रमुख योजनाओं को मेघालय में कैसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और उनके प्रभाव को कैसे बढ़ाया जाए। यह चर्चा राज्य और केंद्र सरकार के बीच सहयोग को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। श्री साहू ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से स्पष्ट रूप से दिखाई देती है, जो इस क्षेत्र में शहरीकरण, स्वच्छता और बुनियादी ढांचे से जुड़ी विशिष्ट चुनौतियों को दूर करने के लिए कार्यरत हैं।

> साहू ने पीएम मोदी के क्षेत्रीय विकास के प्रति संकल्प को दोहरायां

## पाक के लिए जासूसी, ऑर्डिनेंस फैक्टरी का कर्मचारी गिरफ्तार



**लखनऊ।** यूपी के फिरोजाबाद ऑर्डिनेंस फैक्टरी के कर्मचारी रवींद्र कुमार की तरह कानपुर ऑर्डिनेंस फैक्टरी में काम करने वाले विकास कुमार को यूपी एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह फैक्टरी से जुड़ी गोपनीय जानकारियां पाकिस्तान की खूफिया एजेंसी आईएसआई की हैंडलर नेहा शर्मा को देता था। उसे हनी ट्रैप में फंसाया गया था। विकास फिरोजाबाद ऑर्डिनेंस फैक्टरी में काम करने वाले रवींद्र कुमार के संपर्क में था।

# नई मुसीबत में फंसे सत्येंद्र जैन

## 7 करोड़ की रिश्वत मामले में एफआईआर दर्ज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के पीडब्लूडी मंत्री रहे सत्येंद्र जैन की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सरकार में रहने के बावजूद वो ज्यादातर समय तिहाड़ जेल में गुजार चुके हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता जैन के खिलाफ दिल्ली की एंट्री करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने 7 करोड़ के रिश्वत मामले में एफआईआर दर्ज की है। ये मामला 571 करोड़ रुपये में खरीदी गई सीसीटीवी प्रोजेक्ट में कथित धांधली को लेकर है।



आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान दिल्ली की सभी 70 विधानसभाओं में कुल 1.4 लाख सीसीटीवी कैमरा लगाने को लेकर 571 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट को मंजूरी मिली थी। इस प्रोजेक्ट का ठेका भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को दिया गया था। इस प्रोजेक्ट के दौरान सीसीटीवी लगाने में हुई देरी की वजह से कंपनी पर 16 करोड़ का जुर्माना लगाया गया था। इसी मामले में आरोप है कि तत्कालीन पीडब्ल्यूडी मंत्री जैन ने कथित तौर पर 7 करोड़ रुपए की रिश्वत लेकर जुर्माना माफ किया था।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार
ग्रामोदय, 3, इर्ला रोड, विलेपार्ले (पश्चिम), मुंबई- 400 056
दूरभाष : 022-26713538, ई-मेल: legaltrademark.kvic@gov.in
वेबसाईट: www.kvic.gov.in
सत्यमेव जयते
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises
Government of India

चेतावनी सूचना

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) संसद के अधिनियम, 'खादी और ग्रामोद्योग आयोग अधिनियम 1956' के अंतर्गत स्थापित एक संवैधानिक निकाय है जो कि **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार** के अधीन कार्यरत है तथा इसका पंजीकृत कार्यालय "ग्रामोद्योग", 3 इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम) मुंबई, महाराष्ट्र-400056 में स्थित है। आयोग आम जनता के संज्ञान हेतु सूचित करता है कि केवीआईसी नीचे उल्लिखित सभी वस्तुओं और सेवाओं के लिए ट्रेडमार्क का स्वामी और मालिक है:

खादी भारत Khadi India
KVIC
कामये दुःखतप्तानाम्। प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्॥
Khadi India
खादी भारत
खादी (शब्द मार्क)
Khadi India Prakritik Paint (INDIA'S FIRST COW DUNG PAINT)

उपरोक्त वर्णित ट्रेडमार्क भारत और दुनिया के विभिन्न देशों में संरक्षित और पंजीकृत हैं और केवीआईसी द्वारा विश्व में लगातार और खुले तौर पर उपयोग किए जा रहे हैं। आयोग द्वारा केवीआईसी के उपरोक्त वर्णित ट्रेडमार्क और/या किसी भी भ्रामक रूप से समान ट्रेडमार्क के किसी भी प्रकार से अनधिकृत उपयोग में लिप्त सभी जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें केवीआईसी के 'खादी' ट्रेडमार्क का प्रत्यय या उपसर्ग के रूप में, चाहे ट्रेडमार्क, व्यापार नाम और/या डोमेन नाम के भाग के रूप में उपयोग करना भी शामिल है, ताकि केवीआईसी के कानूनी अधिकारों की रक्षा की जा सके। जन-साधारण को उपरोक्त वर्णित ट्रेडमार्क के खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा अधिकृत संस्थाओं/व्यक्ति के अलावा यदि किसी अन्य द्वारा उपयोग किए जाने की कोई जानकारी/सूचना है, तो उनसे अनुरोध है कि केवीआईसी को ईमेल **legalaffairs.kvic@gov.in** पर अवश्य सूचित करें।

**-उप.मुख्य कार्यकारी अधिकारी (विधि मामले)**

CBC 25103/15/0003/2425

## महाकुंभ में करीब 1000 हिंदू श्रद्धालु लापता : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को दावा किया कि प्रयागराज में महाकुंभ में गए करीब 1000 हिंदू श्रद्धालु लापता हो गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकसभा में अपने बयान के दौरान इन लोगों को खोजने की बात करनी चाहिए थी। अखिलेश यादव ने सरकार पर सवाल उठाते हुए पूछा कि महाकुंभ के लिए केंद्र सरकार ने कितना बजट दिया था। उन्होंने कहा, 'मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सिर्फ गाड़ियों की पार्किंग तय कर रहे थे, वहीं कई आईपीएस अधिकारी लोगों को स्नान करने से रोक रहे थे।'

## भारत ने गाजा के हालात पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** भारत ने बुधवार को कहा कि वह गाजा की स्थिति को लेकर चिंतित है और उसने संघर्ष प्रभावित फिलिस्तीनी क्षेत्र के लोगों को मानवीय सहायता उपलब्ध कराने का आह्वान किया। भारत की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब इजरायल ने मंगलवार को गाजा में हवाई हमले फिर से शुरू कर दिए हैं, जिससे जनवरी में हमास के साथ हुए युद्धविराम पर अनिश्चितता पैदा हो गई है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजरायल की बमबारी में 400 से अधिक लोग मारे गए।



BENEFITS UP TO ₹ 60 000**
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
Contact us at 1800-200-[6392] 1800-102-[6392]
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
FOR MORE DETAILS CONTACT MR. SHREY SHIKHAR PH: +91 81308 49972
ADDITIONAL SCRAPPAGE BONUS AVAILABLE AGAINST VALID CERTIFICATE OF DEPOSIT.
For any bulk purchase enquiries please email to renjith.nair@maruti.co.in
**For detailed T&C kindly visit nearest dealership. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice and offers may vary across variants. Offer includes consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of financier. *3 years or 100 000 km – whichever is earlier. Scrappage offer valid for limited period only and is brought to you by Maruti Suzuki Toyotsu India Private Limited (a joint venture company between Maruti Suzuki India Ltd and Toyota Tsusho Group). **Above offers are valid till 31st March 2025. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. #Regal Edition kit is available for ₹ 5000 in non-sigma variants.

# काश! कल्पना का यान भी धरती पर लौट पाता, उस रोज आसमान का मंजर देख रोया था हर भारतीय



**नई दिल्ली।** इस समय पूरी दुनिया में अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की चर्चा है। धरती पर उनकी वापसी ने हर भारतीय के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। इसका कारण यही कि वे भारतीय मूल की हैं। बुधवार 19 मार्च सुबह करीब साढ़े तीन बजे सुनीता अपने साथी बुच विल्मोर के साथ स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल में सवार होकर फ्लोरिडा के समुद्री तट पर सुरक्षित उतरीं। नौ महीने से ज्यादा समय तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसे रहने के बाद उनकी यह वापसी किसी चमत्कार से कम नहीं। लेकिन, इस खुशी के बीच एक पुराना दर्द फिर से उभर आया है। उस दर्द का नाम कुछ और नहीं बल्कि कल्पना चावला के साथ घटी वो घटना थी।

## कोलंबिया अंतरिक्ष यान हादसा



असल में 22 साल पहले 1 फरवरी 2003 को एक और भारतीय बेटी कल्पना चावला अंतरिक्ष से लौट रही थी। उस समय कोलंबिया अंतरिक्ष यान हादसे में कल्पना की मौत हो गई थी। उस दिन हर भारतीय की आंखें नम थीं। अब सुनीता की वापसी उस अधूरी उम्मीद को फिर से याद दिला रही है कि काश कल्पना का यान भी धरती पर लौट पाता।



### अंतरिक्ष मिशन एसटीएस-107 पर

नासा के मुताबिक कल्पना चावला अपने दूसरे अंतरिक्ष मिशन **STS**-107 पर गई थीं। 16 दिन अंतरिक्ष में बिताने के बाद कोलंबिया अंतरिक्ष यान धरती की ओर लौट रहा था। लेकिन, लैंडिंग से महज 16 मिनट पहले यान के बाएं पंख में खराबी के कारण यह हादसे का शिकार हो गया। टेक्सास और लुइसियाना के ऊपर आसमान में बिखरते कोलंबिया ने कल्पना सहित सात अंतरिक्ष यात्रियों को दुनिया से छीन लिया। उस दिन आसमान का मंजर देख हर भारतीय दुखी था।

### अपने साहस से दुनिया को चौंकाया

सुनीता और कल्पना दोनों भारतीय मूल की हैं और दोनों ने अंतरिक्ष में लंबे मिशन पूरे किए. दोनों ने अपने साहस से दुनिया को चौंकाया। उस समय कोलंबिया हादसे ने नासा को सबक दिया था कि सुरक्षा में कोई चूक नहीं होनी चाहिए. शायद यही वजह है कि सुनीता की वापसी को इतना सावधानी से अंजाम दिया गया। फिलहाल सुनीता की वापसी पर भारत में जश्न है।

# क्या है अंतरिक्ष स्टेशन? जहां फंसी थीं सुनीता 90 मिनट में लगाता है पृथ्वी का एक चक्कर

वॉशिंगटन। भारतीय मूल की नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर नौ महीने बाद धरती पर वापस लौट आए हैं। दोनों अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पर नौ महीने से फंसे थे। सुनीता और विल्मोर के वापस आने के बाद अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की खूब चर्चा हो रही है। लोगों के मन में सवाल है कि आखिर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन क्या है और वैज्ञानिक वहां पर जाकर क्या करते हैं?

### क्या है अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन?



पृथ्वी की कक्षा में स्थित अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन एक बड़ा अंतरिक्ष यान है, जो एक घर के तौर काम करता है। यहां पर अंतरिक्ष यात्रियों की टीम रहती है। यह एक अनोखा प्रयोगशाल है। कई देशों ने अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण किया है और इसका इस्तेमाल करते हैं। अंतरिक्ष स्टेशन उन भागों से बना है जिन्हें अंतरिक्ष यात्रियों ने अंतरिक्ष में ही जोड़ा था।

### 28 हजार किमी प्रति घंटे की रफ्तार से अंतरिक्ष में घूमता है


अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन करीब 402 किमी की औसत ऊंचाई पर पृथ्वी का चक्कर लगाता है। सबसे हैरानी वाली बात यह है कि 28 हजार किमी प्रति घंटे की रफ्तार से यह अंतरिक्ष में घूमता है। हर 90 मिनट में पृथ्वी की परिक्रमा करता है। नासा की तरफ से अंतरिक्ष स्टेशन का अंतरिक्ष में रहने और काम करने के बारे में अधिकारी जानकारी के लिए इस्तेमाल करता है।





### आईएसएस पर कब पहुंची थी अंतरिक्ष यात्रियों की पहली टीम

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 2 नवंबर 2000 को पहली बार अंतरिक्ष यात्रियों की टीम पहुंची थी। तब से ही अंतरिक्ष यात्री आईएसएस पर जा रहे हैं। समय के साथ ही इसमें कई हिस्से जोड़े गए हैं। नासा और दुनियाभर के उसके भागीदारों ने साल 2011 में अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण पूरा किया था। अंतरिक्ष स्टेशन का आकार पांच बेडरूम वाले घर जितना बड़ा है। इसमें छह चालक दल और यहां पर आने वाले अंतरिक्ष यात्री रह सकते हैं। पृथ्वी पर अंतरिक्ष स्टेशन का वजन करीब दस लाख पाउंड होगा। इसमें अमेरिका, रूस, जापान और यूरोप के प्रयोगशाला मॉड्यूल शामिल हैं।



### आईएसएस पर क्या काम करते हैं अंतरिक्ष यात्री

अंतरिक्ष स्टेशन पर प्रयोगशालाएं हैं, जहां अंतरिक्ष यात्री शोध करते हैं। साथ ही इसके कई भाग हैं। अंतरिक्ष यात्री बाहर की तरफ खुलने वाले एयरलॉक के माध्यम से अंतरिक्ष में पहुंच सकते हैं। डॉकिंग पोर्ट दूसरे अंतरिक्ष यान को अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ने की इजाजत देते हैं। नए चालक दल और अंतरिक्ष यात्री पोर्ट्स के माध्यम से आते हैं।

**अंतरिक्ष पर शोध भी करते हैं अंतरिक्ष यात्री** : अंतरिक्ष स्टेशन की प्रयोगशालाओं में अंतरिक्ष यात्री शोध करते हैं, जो कहीं और नहीं किया जा सकता है। इसे वैज्ञानिक शोध से पृथ्वी पर लोगों को फायदा मिलता है। रोजमर्रा की जिंदगी में भी अंतरिक्ष अनुसंधान का इस्तेमाल किया जाता है। वैज्ञानिक यह भी शोध करते हैं जब कोई व्यक्ति लंबे समय तक माइक्रोग्रैविटी में रहता है, तो शरीर में क्या होता है।

# घर से बर्गर खाने निकला था शख्स करोड़पति बनकर ही लौटा

**लंदन।** कहते हैं कि आप कुछ भी कर लें, आपकी किस्मत में जो लिखा है वो होकर रहेगा। हो सकता है कि ये कुछ बुरा हो या फिर कुछ बहुत अच्छा भी हो सकता है। आज हम आपको जिस शख्स के बारे में बताने जा रहे हैं, उसकी किस्मत की चाभी उसके लंच में थी। इसे खाते ही उसका दिमाग यूं चला कि वो करोड़पति बनकर ही माना। है ना मज़ेदार बात!

इंसान के ऊपर कब लक्ष्मीजी की कृपा बरस जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता है। हाल ही में एक ब्रिटिश आदमी की किस्मत उस पर तब मेहरबान हो गई, जब वो लंच में बर्गर खाकर लौट रहा था। लंच के बाद ही उसे ख्याल आया कि क्यों न वो लॉटरी का एक टिकट ले ले। मज़ाक-मज़ाक में लिया गया ये टिकट उसकी पूरी ज़िंदगी बदलने के लिए काफी था।

**बर्गर ने खोल दिया दिमाग :** ब्रिटेन में कॉर्नवॉल के लिस्कियार्ड के रहने वाले क्रैग हैगी की ये कहानी है। 36 साल के क्रैग को भूख लगी थी और वो बर्गर खाने के लिए घर से निकला। जब उसने लंच कर लिया तो वहीं रास्ते से एक नेशनल लॉटरी का स्क्रैचकार्ड खरीद लिया। क्रैग ने बताया कि उन्होंने मज़े-मज़े में कार्ड खरीदा था और इनाम की उम्मीद उन्हें बिल्कुल नहीं थी। हालांकि, जब इसका रिजल्ट निकला, तो उसे यकीन नहीं हुआ।


## आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेतागण (1) बलजीत सिंह (2) दविंदर सिंह कुकरेजा (3) टी.एस. कुकरेजा (4) श्रीमती मनजीत कौर (5) श्रीमती बक्शीश दुबे (6) डॉ. गुरजीत कौर रैखी (7) हरबंश सिंह, सभी के पिता स्व. श्री निरंजन सिंह सभी निवासी बुढापारा, रायपुर (छ.ग.) वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की आबादी भूमि जो कि वाके मौजा- रायपुर खास बुढापारा, मुख्य मार्ग, प.ह.नं. 00062, रा.नि.मं. - रायपुर - 12 - रायपुर, स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड क्रमांक - 45 रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) है जिसका खसरा नं. 172 का भाग, रकबा 3881 वर्गफुट भूमि है, जिसमें काफी पुराना पुश्तैनी मकान निर्मित है जिसका म्युनिसिपल मकान नंबर RPR757B00192 है। सम्पत्ति को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर दी गई है बयाना राशि का भुगतान किया जा चुका है एवं विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 8 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा। यह कि उक्त समयवधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर मान्य एवं बंधनकारी नही होगा।

सो सूचना जाने।

स्थान - रायपुर छ.ग.
दिनांक 19/03/2025

गीतेश कुमार बैस (अधिवक्ता)
साहू काम्पलेक्स, टिकरापारा, रायपुर छ.ग.
मो. नं. 98274-62029, 98266-31958



## दक्षिण पूर्व रेलवे निविदा

**ई-निविदा सूचना सं.: एसईआर-ओएचई-एएसएन-बीजेई-डीएचएन-2x25केवी, दिनांक 18.03.2025.** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य विद्युत अभियंता (परियोजना), 11 कॉनवेंट लेन, बेलियाघाटा, कोलकाता-700015, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम एवं उसका स्थान:** 3000 एमटी लोडिंग लक्ष्य पूरा करने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के आसनसोल-आद्रा-भोजूडीह-धनबाद अनुभाग हेतु इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम का 1x25 केवी से 2x25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम में उन्नयन के लिए डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करना। **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 124,73,26,055.03। **बोली सुरक्षाः** रु. 63,86,600। **निविदा दस्तावेज की कीमत :** शून्य। **कार्य पूरा करने की अवधि :** एलओए के जारी होने की तारीख से 24 महीने। **प्रस्ताव की वैधताः** निविदा खोले जाने की तारीख से 120 दिन। **प्रश्नों को स्वीकार करने की अंतिम तारीखः** 16.04.2025। **बोली-पूर्व बैठकः** 16.04.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **बोली सुरक्षा के लिए मूल बैंक गांरटी (यदि लागू हो) भौतिक रूप में जमा करने की तारीखः** 05.05.2025। **निविदा जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** (1) जमा करने की अंतिम तारीख 06.05.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। (2) निविदा दिनांक 06.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे खोली जाएगी। **वेबसाइट का विवरण जहां निविदा का सम्पूर्ण ब्यौरा देखे जा सकते हैं:** www.ireps.gov.in (PR-1249)


# बारिश का पानी पिया कछुआ तक खाया तीन महीने समुद्र में भटकता रहा मछुआरा



**लिमा।** पेरू के रहने वाले मैक्सिमो नापा कास्त्रो नाम के मछुआरा तीन महीने से ज्यादा का समय समुद्र में गुजारकर लौटे हैं। वह 95 दिन समुद्र में गुम रहने के बाद जिंदा मिले हैं। 61 साल के कास्त्रो 7 दिसंबर को मारकोना से मछली पकड़ने वाली नाव पर सवार होकर समुद्र में गए थे। खराब मौसम के कारण वो रास्ता भटक गए और समुद्र में खो गए। इसके तीन महीने बाद कास्त्रो को 11 मार्च को उत्तरी पेरू के तट पर इक्वाडोर के एक जहाज ने बचाया है। कास्त्रो को जब समुद्र में ढूंढ़ा गया तो वह भूख-प्यास से निढाल थे। कास्त्रो ने 15 दिन से कुछ नहीं खाया था और बेहद गंभीर हालत में थे। मैक्सिमो नापा कास्त्रो के लिए 95 दिन समुद्र में बिताना कोई आसान काम नहीं था। कास्त्रो ने बताया कि नाव पर इकट्ठा होने वाले बारिश के पानी को पीकर उन्होंने अपनी प्यास बुझाई। पेट भरने के लिए उन्हें कीड़े-मकोड़े और पक्षी खाने पड़े। एक कछुआ भी इस दौरान उन्होंने खाया।

### परिवार की याद ने दी हिम्मत

स्थानीय मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में कास्त्रो ने बताया कि उनके परिवार की याद ने उन्हें जिंदा रहने की हिम्मत दी। कास्त्रो ने कहा, 'मैं अपनी मां के लिए मरना नहीं चाहता था। मैं उनसे मिलना चाहता था।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

### ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र./निर्माण/2025 दिनांक 17.03.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 32 अंतर्गत डी.ई.ओ. ऑफिस के पीछे प्रशिक्षण हाल निर्माण कार्य (खनिज न्यास मद) (प्रथम निविदा) | 61.00 | 08.04.2025 (T.No. 165957) |
| 2 | वार्ड क्र. 31 खरमोरा अंतर्गत डाईट सेंटर में प्रशिक्षण हॉल निर्माण कार्य खनिज न्यास मद) (प्रथम निविदा) | 50.00 | 08.04.2025 (T.No. 165958) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal in एवं www.korba.urbanecg.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर

### ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि :- 01/04/2025

| स. क्र. | नि.आ.सू.क्र./नि.आ.सू. दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमाति लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 124/2024-25 दिनांक 18/03/2025 | 164988 (द्वितीय आमंत्रण) | उपसंभाग क्रमांक-1 जगदलपुर के अंतर्गत गैर-आवासीय भवनो का विशेष मरम्मत कार्य। (मुख्यालय उपखण्ड क्र. 1) | 20.00 |
| 2 | 125/2024-25 दिनांक 18/03/2025 | 164990 (द्वितीय आमंत्रण) | जिला-दन्तेवाड़ा के विकासखण्ड कुआकोण्डा में 50 सीटर बालक आश्रम मूलेर भवन निर्माण, विद्युतिकरण सहित कार्य की निविदा। | 162.76 |
| 3 | 126/2024-25 दिनांक 18/03/2025 | 164991 (द्वितीय आमंत्रण) | जिला-दन्तेवाड़ा के विकासखण्ड कुआकोण्डा में 50 सीटर कन्या आश्रम मूलेर भवन निर्माण, विद्युतिकरण सहित कार्य की निविदा। | 162.76 |
| 4 | 127/2024-25 दिनांक 18/03/2025 | 164993 (द्वितीय आमंत्रण) | जिला-दन्तेवाड़ा के विकासखण्ड कुआकोण्डा में प्री-मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास भवन निर्माण, विद्युतिकरण सहित कार्य की निविदा। | 191.51 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

जी-242506043/1

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मडल जगदलपुर


# वेटर की एक गलती और लुट गया स्टारबक्स कस्टमर को देना पड़ा 386 करोड़ रुपए हर्जाना

**न्यूयार्क।** कैलिफोर्निया में एक व्यक्ति ने स्टारबक्स से खरीदी गई गर्म चाय से बुरी तरह जल गए, जिससे उन्हें स्किन ग्राफ्ट करवाने पड़े और स्थायी निशान पड़ गए। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारी ने चाय को ट्रे में ठीक से फिट नहीं किया, जिससे यह उनकी कमर और जांघों पर गिर गई।


## छत्तीसगढ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, क्रमांक, 01 अंबिकापुर

Main Portal : http://cgeprocurement.gov.in
WRD Portal : http://wrd.cgeprocurement.gov.in

### निविदा निरस्तीकरण सूचना

आदेश क्रमांक – 621 / व.ले.लि. / 2024-25 अम्बिकापुर, दिनांक 17.03.2025

इस कार्यालय के निविदा सूचना क्रमांक : 09/व.ले.लि. / 2024-25 दिनांक 10.01.2025 सिस्टम नं. 164194 ( प्रथम आमंत्रण) सखौली गागर नदी में एनीकट सह पुलिया निर्माण । अनुमोदित लागत राशि रू. 466.94 लाख के निविदा का प्रकाशन किया गया था, जिसका "जी" नम्बर 242505313 दिनांक 14.01.2025 है । को अपरिहार्य कारणों से निविदा निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग क्र. 01 अम्बिकापुर
कृते-मुख्य अभियंता
जी-242506034/4 हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अम्बिकापुर (छ.ग.)



## कार्यालय, नगर पंचायत पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

Email ID-cmopamgarh@gamil.com

क्रमांक /68/स्था./न.प./2024-25

### मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना

पामगढ़, दिनांक 19/03/2025

एतद् द्वारा नगर पंचायत पामगढ़ को वित्तीय वर्ष 2025-26 में निकाय के विभिन्न शाखाओं के सुलभ संचालन हेतु उच्च कुशल / कुशल/अर्द्धकुशल श्रमिक की आवश्यकता है। अत: श्रमिक आपूर्ति हेतु श्रम विभाग से पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा ''अ'' में मुहरबंद निविदायें त्रि-लिफाफा पद्धति में पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है-

1. निविदा प्रपत्र की मांग हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि — 19/03/2025 को कार्यालयीन समय तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदान करने का दिनांक — 21/03/2025 को कार्यालयीन समय तक
3. निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि — 31/03/2025 को समय दोपहर 3.00 बजे तक
4. निविदा खोलने की अंतिम तिथि — 31/03/2025 को शाम 3.00 बजे तक

| क्र. | विवरण | श्रमिकों की संख्या | प्रा. राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्र. मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | निकाय क्षेत्रांतर्गत जलप्रदाय /विद्युत/सफाई/वाहन/कम्प्यूटर आपरेटर एवं अन्य कार्यालयीन कार्य हेतु उच्च कुशल/अर्द्धकुशल /अकुशल श्रमिक प्रदाय। | 15 | 19.50 | 14,650.00 | 750.00 | 31 मार्च 2026 |

नियम एवं शर्तें- (1) विस्तृत जानकारी नियम व शर्तें कार्यालय दिवस/समय में कार्यालय से प्राप्त की जा है। (2) निविदा लागत राशि से ही कार्य किया जाना होगा। (3) शेष नियम एवं शर्तें कार्यालयीन समय एवं दिवस में निविदा दिनांक से 01 दिवस पूर्व तक देखा जा सकता है। (4) विभागीय वेबसाईट cguad.gov.in में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका
नगर पंचायत पामगढ़, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)



## पी एम श्री केन्द्रीय विद्यालय अंबिकापुर

### चल साक्षात्कार (Walk-In-Interview)

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय अंबिकापुर में विभिन्न पदों पर संविदा/अंशकालिक (Part-Time Contractual) आधार पर नियुक्ति हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्रों, उनकी स्वप्रमाणित छाया प्रतियों तथा दो नवीनतम पासपोर्ट आकार के छायाचित्रों सहित निर्धारित तिथि एवं समय पर विद्यालय परिसर में उपस्थित हों।

| क्रं | पदों का विवरण | साक्षात्कार का तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1. | स्नातकोत्तर शिक्षक (PGT)- हिन्दी, अंग्रेजी, भौतिक-शास्त्र, रसायन-शास्त्र, जीव-विज्ञान, वाणिज्य (Commerce), अर्थशास्त्र, गणित, संगणक विज्ञान (Computer Science) | दिनांक- 01.04.2025, प्रात: 08:30 बजे |
| 2. | प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (TGT) - हिन्दी, अंग्रेज़ी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं संस्कृत | |
| 3. | प्राथमिक शिक्षक (PRT) | |
| 4. | अन्य पद - खेलकूद प्रशिक्षक, योगा अनुदेशक, कंप्यूटर अनुदेशक/आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) शिक्षक, विशिष्ट शिक्षक (Special Educator), काउंसलर, नर्स, बाल वाटिका शिक्षक | |

महत्वपूर्ण निर्देश : 1. साक्षात्कार में भाग लेने हेतु कोई भी यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। 2. वेतन केंद्रीय विद्यालय संगठन (KVS) के नियमानुसार देय होगा। पदों की शैक्षणिक योग्यताओं एवं अन्य जानकारी के लिए विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट https://ambikapur.kvs.ac.in देखें। 3. सभी पद संविदा/अंशकालिक (Part-Time Contractual) आधार पर हैं, अत: नियमित नियुक्ति हेतु कोई दावा मान्य नहीं होगा। 4. हिन्दी एवं अंग्रेज़ी दोनों माध्यमों में पढ़ाने की योग्यता तथा कंप्यूटर संचालन का कार्यसाधक ज्ञान आवश्यक है। 5. अभ्यर्थियों का चयन न्यूनतम योग्यताओं की पूर्ति, साक्षात्कार में प्रदर्शन तथा के.वि.सं. (KVS) की अद्यतन मार्गदर्शिका के अनुसार किया जाएगा। विस्तृत जानकारी हेतु www.kvsangathan.nic.in का अवलोकन करें। 6. साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों का प्रात: 08:30 बजे से 10:00 बजे तक ही पंजीकरण किया जाएगा। निर्धारित समय के बाद आने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। 7. यदि अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होती है, तो विद्यालय द्वारा लिखित परीक्षा आयोजित की जा सकती है।

प्राचार्य



## C/PDCL छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

( छ.रा.वि.मं. की एक उत्तरवर्ती कंपनी) (छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम)
कार्यालय:-कार्यपालन अभियंता (नगर) संभाग, कोरबा
CIN: U40108CT2003SGC015822,
फोन नं - (07759). 227575 वेब साइड:- www.cspc.co.in,

क्रमांक/011-13/स्था./5954 कोरबा, दिनांक 19.03.2025

प्रति,
श्री दीपक कुमार,
परिचारक श्रेणी- एक (ला.)
द्वारा :- सहायक अभियंता छ.स्टे. पॉ. डिस्ट्री. कं.लिमि., दर्री जोन।
स्थायी एवं वर्तमान पता :- एस. एफ.-541, छ.ग.रा.वि.मं., कॉलोनी, कोरबा पूर्व, जिला-कोरबा (छ.ग.), पिन नं.-495677,मोबाईल नं.-9131256537, 9171887457

**विषय : -कार्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थिति के संबंध में।**

संदर्भ :- 1. सहायक अभियंता दर्री जोन का पत्र क्रमांक 934 दिनांक 08.08.2024, 2. सहायक अभियंता दर्री जोन का पत्र क्रमांक 1126 दिनांक 10.09.2024, 3. सहायक अभियंता दर्री जोन का पत्र क्रमांक 1338 दिनांक 08.10.2024, 4. सहायक अभियंता दर्री जोन का पत्र क्रमांक 1580 दिनांक 06.11.2024, 5. इस कार्यालय का पत्र क्र. 3292 दिनांक 11.09.2024, 6.इस कार्यालय का पत्र क्र. 4234 दिनांक 04.11.2024, 7.इस कार्यालय का पत्र क्र. 4623 दिनांक 03.12.2024, 8. इस कार्यालय का पत्र क्र. 5073 दिनांक 02.01.2025, 9. सहायक अभियंता, दर्री जोन का पत्र क्र. 1931 दिनांक 09.01.2025, 10. इस कार्यालय का पत्र क्र. 5270 दिनांक 16.01.2025, 11.इस कार्यालय का पत्र क्र. 5401 दिनांक 27.01.2025, 12.सहायक अभियंता, दर्री जोन का पत्र क्र. 3033 दिनांक 05.02.2025, 13. इस कार्यालय का पत्र क्र. 5601 दिनांक 10.02.2025, 14. इस कार्यालय का पत्र क्र. 5665 दिनांक 21.02.2025, 15. सहायक अभियंता, दर्री जोन का पत्र क्र. 3198 दिनांक 05.03.2025

जैसा कि, आप नगर संभाग मे कोरबा अंतर्गत दर्री जोन मे परिचारक श्रेणी - एक (ला0 ) के पद पर कार्यरत है। आप बिना किसी पूर्व अनुमति के अनाधिकृत रूप से माह जुलाई 2024 से आज दिनांक तक अनाधिकृत रूप से कंपनी के कार्य से अनुपस्थित हैं ।

इस कार्यालय के संदर्भित पत्र एवं उपरोक्त माह के उपस्थिति पंजी का अवलोकन करने पर पाया गया कि आप स्वयं की इच्छा से कभी भी अवकाश व्यतीत करने हेतु अनाधिकृत रूप से कार्य से अनुपस्थित रहते है जिससे कंपनी के कार्य को संचालित करने में दिक्कत होती है। इस कार्यालय के द्वारा भी तत्संबंध मे पत्र क्रमांक 3292 दिनांक 11.09.2024, पत्र क्र. 4234 दिनांक 04.11.2024, पत्र क्र. 4623 दिनांक 03.12.2024 पत्र क्र. 5073 दिनांक 02.01.2025, पत्र क्र. 5270 दिनांक 16.01.2025, पत्र क्र. 5401 दिनांक 27.01.2025, पत्र क्र. 5601 दिनांक 10.02.2025 एवं पत्र क्र. 5665 दिनांक 21.02.2025 से आपको स्पष्टीकरण हेतु पत्र लिखा गया था एवं आपको सुसंगत दस्तावेजों के साथ तत्काल कंपनी के कार्य पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित करते हुए पत्र आपके निवास स्थान पर चस्पा करने के साथ-साथ पंजीकृत डाक के माध्यम से भी प्रेषित किया गया है किन्तु आपके द्वारा किसी भी पत्र का जवाब नही दिया गया इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि आपके द्वारा अपने उच्चाधिकारीयों के निर्देशों की भी अवहेलना की जाती है आपके द्वारा अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन न कर कार्य में घोर लापरवाही बरती गई आपका उपरोक्त कृत्य गंभीर एवं घोर कदाचरण की श्रेणी में आता है।

बारंबार पत्राचार के उपरांत भी आपके द्वारा आज दिनांक तक सुसंगत दस्तोवजों के साथ अपनी उपस्थिति संबंधित जोन कार्यालय में दर्ज नहीं की गयी है। पूर्व में भी आप अनाधिकृत रूप से दिनांक 01.04.2023 से 30.05.2024 तक कंपनी के कार्य से अनुपस्थित थे। इससे स्पष्ट है कि आप के कंपनी के कार्यों से अनुपस्थित रहने के आदि हैं, इससे यह प्रतीत होता है कि आप कंपनी की सेवा जारी रखने हेतु इच्छुक नहीं हैं। विदित हों कि आपका यह कृत्य कर्मचारी सेवा आचरण नियम 1965 एवं स्टेण्डर्ड स्टेंडिग आदेश 1963 के तहत घोर कदाचरण की श्रेणी में आता है । अत: क्यों न कंपनी के नियमानुसार आपके विरूद्ध सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जावे।

अत: आपको अंतिम बार निर्देशित किया जाता है कि आप पत्र प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर सुसंगत दस्तावेजों के साथ तत्काल कंपनी के कार्य पर उपस्थित हावें अन्यथा की स्थिति में कपंनी के नियमानुसार सेवा समाप्ति हेतु कार्यवाही की जावेगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी स्वयं की होगी।

संवाद-43272

कार्यपालन अभियंता (नगर) संभाग
छ.स्टे. पॉ. डिस्ट्री. कं. लिमि., कोरबा

कई बार लोगों को अलग-अलग वजहों से रात में देर तक जागना पड़ता है। ऐसे में भूख भी महसूस होने लगती है। लेकिन भूख लगने पर आपको अपने लिए हेल्दी फूड्स ही लेने चाहिए। इस बारे में जानिए।

## रात में जब लगे भूख क्या खाएं-क्या न खाएं

फूड जोन

विवेक कुमार

आप पढ़ाई के लिए देर रात तक जगने वाले स्टूडेंट हों या आपको सुबह देर से उठने और रात देर से सोने की आदत हैं ऐसे में कई बार रात में भूख महसूस होती है। ऐसे समय में क्या खाना चाहिए और क्या नहीं, बता रहे हैं आपको।



### रात में क्या खाएं

- मुरमुरे, भुने चने, कॉर्न फ्लेक्स, भुना चिवड़ा, भुनी मूंगफली, भूने मखाने इन सबको मिलाकर तैयार की गई नमकीन देर रात भूख के लिए सबसे अच्छा और स्वास्थ्यवर्धक स्नैक्स है।
- अखरोट में प्राकृतिक रूप से मेलाटोनिन होता है, जिससे नींद अच्छी आती है। इसमें मौजूद मैग्नीशियम इसे एक स्वास्थ्यवर्धक स्नैक्स बनाता है। इसके अलावा पिस्ता भी मेलाटोनिन से भरपूर होता है। इसमें मौजूद फाइबर और प्रोटीन लंबे समय तक भूख नहीं लगने देता। इन्हें भी आप खा सकते हैं।



- भुने या तले बादाम भी ले सकते हैं। इन्हें भूनकर शहद में डिप करके एक डिब्बे में रखें। इसके अलावा किशमिश, बादाम, अंजीर भी रात में खाए जा सकते हैं।
- पॉपकॉर्न भी एक फाइबरयुक्त फुलफिलिंग स्नैक है, बस इसमें मक्खन और नमक कम डालें। इसकी भी ज्यादा मात्रा खाने से बचना चाहिए।
- अनानास, सेब, केला, नाशपाती जैसे फलों को अगर बेक करके खाया जा सकता है। उसमें दालचीनी और बटर डालें। शुगर की जगह शहद के इस्तेमाल से बना यह स्नैक्स हेल्दी और टेस्टी होता है। रात में इसे भी आप खा सकते हैं।
- फीके और ऑयल फ्री बिस्कुटों में चीज स्लाइस के टुकड़े, आलू और काली मिर्च बुरक कर खाए जा सकते हैं।
- डार्क चॉकलेट के अलावा नट्स वाली चॉकेलट भी खाई जा सकती है।
- ड्राइ फ्रूट्स लड्डु जिनमें कई तरह के सीड्स और नट्स डाला गया हो, इसे भी खाया जा सकता है।
- भुने ओट्स में दही, सेब, केला, अनार जैसे फ्रूट्स डालकर खाए जा सकते हैं।
- मिक्सी में खजूर डालकर ओट्स, नट्स, चॉकलेट, सूखे नारियल में मिलाकर इसकी प्यूरी बनाकर खाई जा सकती है।
- दूध के साथ कॉर्न फ्लेक्स या ओट्स डालकर खाना भी हेल्दी ऑप्शंस हैं।
- शकरकंदी या आलू के चिप्स या शकरकंदी छीलकर उनके ऊपर दालचीनी पावडर, नमक, मिर्च डालकर बेकिंग ट्रे में चिप्स को रखकर ओवेन में दो तीन मिनट बेक करने के बाद बाद खा सकते हैं।
- साबुत गेंहू के टोस्ट और साबुत अनाज के क्रेक्स में कार्बोहाइड्रेट और फाइबर होते हैं। इनमें पीनट बटर लगाकर खा सकते हैं। मूंगफली के मक्खन में मौजूद वसा हमारे शरीर में सेरोटोनिन के स्तर को बढ़ाती है।

### देर रात क्या न खाएं

- आधी रात के बाद पिज्जा खाने के लिए बिल्कुल भी उपयुक्त नहीं है। क्योंकि इसमें हाई फैट वाला पनीर होता है,जो आसानी से पचता नहीं है। इसमें कैलोरीज भी ज्यादा होती हैं, जिससे वजन बढ़ सकता है। इसमें मौजूद वसा जल्दी पचती नहीं है। पिज्जा बेस में रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट होता है, जो सेहत के लिए सही नहीं होता है।
- मिठाइयां, ज्यादा चीनी वाले अनाज लेने से रक्त में इंसुलिन का स्तर बढ़ जाता है। अनाज तो लिया जा सकता है, लेकिन मीठे वाला नहीं। ऐसा विकल्प चुनें, जिसमें चीनी कम लेकिन फाइबर और प्रोटीन ज्यादा हो।
- देर रात की भूख में चिप्स खाना सबसे नुकसानदायक होता है। इनमें प्रोटीन, फाइबर नहीं होते हैं। इसके तेल में वसा, रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट होते हैं।
- कैंडी की जगह फ्रूट या डार्क चॉकलेट खाना ज्यादा सही होता है। इसके अलावा मसालेदार चीजें खाने से भी बचना चाहिए, इससे पेट में दर्द, एसिडिटी और खट्टे डकार आते हैं। *

स्पेशलः वर्ल्ड टीबी डे-24 मार्च

ट्यूबरकुलोसिस यानी टीबी एक खतरनाक बीमारी है। भारत समेत दुनिया के कई देशों में लाखों-करोड़ों लोग हर साल इसकी चपेट में आते हैं। ऐसे में यह जानना सभी के लिए बहुत जरूरी है कि टीबी का संक्रमण कैसे फैलता है, इसके प्रमुख लक्षण क्या हैं, इसका उपचार कैसे हो सकता है और इससे बचाव कैसे संभव है? यहां एक्सपर्ट डॉक्टर विस्तार से इस बारे में जानकारी दे रहे हैं।

## टीबी से बचाव के लिए जरूरी है सावधानी-जागरूकता

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. रोहन औरंगाबादवाला
कंसल्टेंट-पल्मोनोलॉजी
अपोलो हॉस्पिटल्स, नवी मुंबई

यह सवाल अकसर लोगों के मन में आता है कि मेडिकल साइंस में इतनी प्रगति के बावजूद, देश-दुनिया में अभी भी करोड़ों लोग टीबी से संक्रमित हो रहे हैं और लाखों लोग अपनी जान गंवा रहे हैं, ऐसा क्यों होता है? इसका जवाब यह है कि निम्न और मध्यम आय वाले देशों या समाज के उस वर्ग में बहुत से लोगों की स्वास्थ्य सेवा तक सीमित पहुंच और सही ढंग से जांच और उपचार में देरी की वजह से यह रोग अभी भी लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। टीबी के लक्षणों को सांस संबंधी अन्य सामान्य समस्या मानने की गलती अकसर की जाती है, जिससे यह रोग काफी बढ़ जाता है। भीड़-भाड़ वाले इलाकों में रहना, खराब वेंटिलेशन और कुपोषण, टीबी संक्रमण के जोखिम को बढ़ाते हैं। मल्टीड्रग-रेसिस्टेंट टीबी (एमडीआर-टीबी) और व्यापक रूप से ड्रग-रेसिस्टेंट टीबी (एक्सडीआर-टीबी) का इलाज करना कठिन और ज्यादा महंगा होता है। इन कारणों से भी यह रोग अभी भी घातक बना हुआ है और कई केसेस में रोगी की मृत्यु हो जाती है। अभी भी कई इलाकों और समुदायों में टीबी होना एक कलंक माना जाता है, जिसकी वजह से लोग बीमार होने पर भी मदद लेने या इलाज कराने से कतराते हैं।

**इन्हें होता है अधिक रिस्कः** जिन लोगों को एचआईवी/एड्स, मधुमेह है या जिनका ऑर्गन ट्रांसप्लांट हो चुका है, ऐसे कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोग, बच्चे, खासकर जहां टीबी फैलने का खतरा ज्यादा होता है, ऐसे इलाकों में, संक्रमित रोगी के संपर्क में आने से टीबी होने का खतरा अधिक होता है। उम्र बढ़ने के साथ संक्रमण को नियंत्रित करने का प्रतिरक्षा प्रणाली का प्रभाव कम होता जाता है, जिससे बुजुर्गों को टीबी होने का रिस्क बढ़ जाता है। टीबी मरीजों के लगातार संपर्क में रहने से स्वास्थ्य सेवा कर्मियों को टीबी होने का जोखिम ज्यादा होता है। जेलों, शरणार्थी शिविरों या झुग्गियों जैसे भीड़-भाड़ वाले, खराब हवादार वातावरण में रहने वाले व्यक्ति और कुपोषित व्यक्तियों में भी संक्रमण की संभावना अधिक होती है।





**ऐसे होता है संक्रमणः** टीबी मुख्य रूप से हवा के माध्यम से फैलता है। जब एक्टिव पल्मोनरी टीबी से पीड़ित व्यक्ति खांसता, छींकता या बोलता है तो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस बैक्टीरिया युक्त छोटी बूंदें हवा में फैल जाती हैं। ये बूंदें उनके करीब के दूसरे लोगों द्वारा सांस के जरिए अंदर ली जा सकती हैं, जिससे उन्हें भी संक्रमण हो सकता है। संक्रमित व्यक्ति के साथ लंबे समय तक संपर्क में रहने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

**टीबी के प्रमुख लक्षणः** लगातार खांसी (3 सप्ताह से अधिक समय तक), खांसने पर खून या बलगम में खून निकलना, सीने में दर्द या बेचैनी, थकान और कमजोरी, रात में पसीना आना, बिना किसी कारण के वजन कम होना, बुखार और ठंड लगना, भूख न लगना आदि टीबी के लक्षण हो सकते हैं।



**टीबी संक्रमण का उपचारः** टीबी मरीज के इलाज के लिए एंटीबैक्टीरियल दवाइयां दी जाती हैं। ड्रग-सेंसिटिव टीबी के लिए मानक उपचार आमतौर पर 6 महीने तक चलता है। हालांकि ड्रग-रेसिस्टेंट टीबी के लिए यह अवधि लंबी हो सकती है। ड्रग-रेसिस्टेंट टीबी के लिए, उपचार अधिक जटिल हो जाता है। इसमें सेकेंड लाइन दवाओं की आवश्यकता होती है। इसके लिए 18-24 महीनों तक उपचार और ड्रग-रेसिस्टेंट प्रोफाइल के अनुरूप उपचार की आवश्यकता होती है। कुछ दुर्लभ केसेस में, टीबी से इंफेक्टेड टिश्यूज को हटाने के लिए सर्जरी की आवश्यकता भी हो सकती है।

**टीबी वैक्सीन है उपलब्धः** बैसिलस कैलमेट-गुएरिन (बीसीजी) वैक्सीन सबसे ज्यादा इस्तेमाल की जाने वाली टीबी वैक्सीन है। जहां टीबी के केसेस ज्यादा होते हैं, आमतौर पर उन देशों में यह वैक्सीन शिशुओं को लगाई जाती है। यह वैक्सीन वयस्कों में टीबी के संक्रमण को नहीं रोकता है, लेकिन यह बच्चों में टीबी के गंभीर रूपों, विशेष रूप से मेनिंगियल और डिसेमिनेटेड टीबी को रोकने में कारगर है। हालांकि यह वयस्कों में टीबी का सबसे आम और संक्रामक रूप, पल्मोनरी टीबी से पूरी तरह सुरक्षा प्रदान नहीं करता है।

**बरतें ये सावधानियांः** रहने, काम करने की जगह हवादार रखना, मास्क पहनना, टीबी के लक्षण वाले व्यक्तियों के निकट संपर्क से बचना टीबी संक्रमण से बचाव के लिए जरूरी है। खांसते या छींकते समय मुंह और नाक को ढंकने जैसी आदतें टीबी के संक्रमण को रोक सकती हैं और इसके प्रसार को भी कम कर सकती हैं।

**ट्रीटमेंट के दौरान रखें ध्यानः** यह महत्वपूर्ण है कि टीबी मरीज का पूरा उपचार किया जाए, क्योंकि अधूरे इलाज से बीमारी फिर से शुरू हो सकती है और ड्रग रेसिस्टेंस हो सकता है। नियमित जांच और बलगम परीक्षण से इलाज में प्रगति की निगरानी करने और किसी भी जटिलता की पहचान करने में मदद मिल सकती है। कुछ टीबी दवाइयों के गंभीर दुष्प्रभाव हो सकते हैं, जैसे कि लीवर को नुकसान या दृष्टि संबंधी समस्याएं। इन पर बारीकी से नजर रखी जानी चाहिए। प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने और शरीर को संक्रमण से लड़ने में मदद करने के लिए पर्याप्त पोषण महत्वपूर्ण है। शराब और धूम्रपान से बचना चाहिए क्योंकि वे उपचार में बाधा डाल सकते हैं और फेफड़ों को और ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं। अगर कोई व्यक्ति जिसका पहले इलाज हो चुका है फिर से टीबी बैक्टीरिया के संपर्क में आता है, तो उसे फिर से टीबी हो सकता है। इसलिए रिकवर होने के बाद भी पूरी सावधानी बरतनी चाहिए।

**मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट टीबीः** मल्टी ड्रग रेसिस्टेंट या एमडीआर, टीबी का एक प्रकार है। यह उन बैक्टीरिया के कारण होता है, जो कम से कम दो सबसे शक्तिशाली फर्स्ट-लाइन दवाओं, आइसोनियाजिड और रिफैंपिसिन के प्रति रेसिस्टेंट (प्रतिरोधी) होते हैं। इसका मुख्य कारण अधूरा या अनुचित इलाज होता है। इससे बचने का यही तरीका है कि टीबी डिटेक्ट होने पर उसका पूरी अवधि तक और सही ट्रीटमेंट करवाया जाए। *

प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स

### टीबी के डिफरेंट स्टेज



**इस बीमारी** का इंफेक्शन कई स्टेज में हो सकता है।

**प्राइमरी स्टेजः** जब कोई व्यक्ति हवा में उड़ रहे बैक्टीरिया की चपेट में आ जाता है। पूअर हाइजीन वाले क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति अच्छी पर्सनल हाइजीन के बावजूद इसकी चपेट में आ जाते हैं। वैसे तो हमारा इम्यून सिस्टम अकसर ऐसे बैक्टीरिया का खात्मा कर देता है लेकिन कोई व्यक्ति एचआइवी पॉजिटिव हो, डायबिटिक हो तो वह प्राइमरी इंफेक्शन के कुछ ही हफ्तों में इसकी चपेट में आ जाता है।

**लेटेंट स्टेजः** इसका मतलब है कि टीबी का बैक्टीरिया शुरुआती इंफेक्शन के बाद शरीर में डेरा जमाकर बैठ जाता है और इम्यून सिस्टम के कमजोर होने का इंतजार करता है। बुढ़ापे में या इम्यून सिस्टम के कमजोर होने पर जब एंटीजेंस रिएक्टिव हो जाते हैं तो यह बीमारी सिर उठा सकती है।

**एक्टिव स्टेजः** जब बैक्टीरिया से प्रभावित एवं संक्रमित व्यक्ति में लक्षण स्पष्ट नजर आने लगते हैं और वह अपनी बीमारी दूसरों तक भी फैलाने लगता है, तो उसे एक्टिव स्टेज पेशेंट कहते हैं। सबसे खतरनाक बात यह है कि एक्टिव टीबी का मरीज साल भर में ऐसे 10-15 लोगों को बीमार कर सकता है, जो उसके निरंतर संपर्क में आते हैं।

(कोलंबिया एशिया हॉस्पिटल कोलकाता के पल्मोनोलोजिस्ट, डॉ. के.एन.पोद्दार से शिखर चंद जैन की बातचीत पर आधारित)

घरेलू औषधि

## अत्यंत स्वास्थ्यवर्धक है हरा चना



चना ऐसा अनाज है, जिसका सेवन आप हरे या सूखने के बाद काले चने के रूप में कर सकते हैं। दोनों ही रूपों में यह स्वास्थ्यवर्धक होता है। इसके ताजे पत्तों को धोकर नमक-मिर्च लगा कर ग्रामीण इलाकों में खूब खाया जाता है। यह स्वादिष्ट होने के साथ स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है।

**हरे चने खाने के लाभः** हरे चने की छोटी सी फली होती है, जिसमें हरे चने के दाने होते हैं, इनको टाट भी कहते हैं। इसकी सब्जी भी बनाई जाती है। हरे चने में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन ई, विटामिन बी-कॉम्प्लेक्स (विटामिन बी1, बी2, बी3, बी5) और विटामिन के भी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इनके अतिरिक्त इसमें फाइबर, सोडियम, फोलेट, आयरन, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम, सेलेनियम, पोटैशियम, कैल्शियम, फैट्स, कार्बोहाइड्रेट, डाइटरी फाइबर्स, फैटी एसिड आदि पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य की सभी समस्याओं से छुटकारा दिलाने में मददगार होते हैं। हरा चना पाचन सुधारने के साथ शरीर में शक्ति का भी संचार करता है। हरे चने या छोलिया का सेवन संक्रमण से बचाव करता है, इम्यूनिटी को प्रबल करता है। इसमें मिलने वाला घुलनशील फाइबर ब्लड शुगर को सामान्य रखने में सहायक होता है। इस तरह हरा चना टाइप 2 डायबिटीज को नियंत्रित करने में सहायक होता है।

इसका सेवन मस्तिष्क को स्वस्थ रखने और स्मरण शक्ति को बढ़ाने में मददगार है। हरे चने का सेवन आंखों की जलन, लाली को दूर कर आखों की रोशनी बढ़ाने में सहायक है। चने का सेवन, हृदय के रोगियों के लिए बहुत लाभकारी है। इसका सेवन शरीर में बढ़ने वाले कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित कर हृदय को बल प्रदान करता है। इसको भून कर (रोस्टेड) खाने से कब्ज, गैस, पेटदर्द में लाभ मिलता है। इसका सेवन वजन कम करने में भी मददगार होता है, क्योंकि इसका सेवन करने से पेट भरा हुआ महसूस होता है इसीलिए चने का सेवन करने से भूख कम लगती है। अगर आपको थकावट महसूस होती है, शरीर में शिथिलता लगती है तो चने का सेवन आपके लिए बहुत लाभकारी सिद्ध होगा। इसके लिए आप हरे चने का नियमित सेवन करें। इसके अलावा रात को भिगोए हुए काले चनों का सेवन भी लाभकारी है। *

-वैद्य हरिकृष्ण पांडे 'हरीश'

हेल्थ सजेशन

शिखर चंद जैन

स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना सभी करते हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आपकी इम्यूनिटी मजबूत रहे। इसे फिट बनाए रखने के लिए अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करने होंगे।

## इम्यून सिस्टम फिट तो आप रहेंगे हेल्दी-एक्टिव

आपने देखा होगा कि कुछ लोग अकसर थके-थके से, बीमार और उम्र से पहले ही बुजुर्गों जैसे दिखते हैं, वहीं कुछ लोग अधिक उम्र के बावजूद चुस्त-दुरुस्त, मस्त और दिखने में युवा नजर आते हैं। 'अल्ट्रा लांजिविटीः दी सेवेन स्टेप प्रोग्राम फॉर अ यंगर, हेल्दियर यू' के लेखक डॉ. मार्क लिपोनिस कहते हैं कि जिन लोगों का इम्यून सिस्टम दुरुस्त नहीं रहता है, उनमें एजिंग के लक्षण जल्दी ही नजर आने लगते हैं। इसका असर स्किन, हड्डियों, हार्ट, नर्व्स, लंग्स, किडनियों और अन्य अंगों पर नजर आने लगता है। कार्डिफ यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन में माइक्रोबायोलॉजी के सीनियर प्रोफेसर डॉ. रिचर्ड स्टेंटन कहते हैं, 'बड़ी उम्र के लोगों में असमय मृत्यु के मुख्य कारणों में गंभीर संक्रमण, कैंसर और इंफ्लेमेटरी डिजीज होते हैं। ये डिसऑर्डर मूल रूप से इम्यून सिस्टम की एजिंग के कारण पनपते हैं। इस स्थिति को चिकित्सकीय भाषा में 'इम्यून सेनेसेंस' कहते हैं। शुरू से ही रोगों से घिर चुके लोगों में आगे चलकर रोग प्रतिरोधक क्षमता और भी कमजोर पड़ जाती है। अगर इससे बचना है तो जीवनशैली में कुछ अनुशासन और बदलाव जरूरी हैं, ताकि इम्यूनिटी मजबूत हो।



**स्ट्रेस से बचेंः** बेरोजगारी, पैसे की कमी, विवाह में देरी या पारिवारिक मनमुटाव स्ट्रेस के प्रमुख कारण हैं। स्ट्रेस शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है। जो लोग लगातार स्ट्रेस में रहते हैं, उनकी सेल्स की रीजनरेट होने की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है। इसलिए स्ट्रेस से बचें और योग, मेडिटेशन करें या नई स्किल सीखने में खुद को व्यस्त रखें।

**धूम्रपान छोड़ेंः** स्मोकिंग एजिंग प्रोसेस की स्पीड बढ़ाती है। धूम्रपान करने वालों की स्किन अपना लचीलापन खोने लगती है, हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ जाता है, श्वास संबंधी समस्याएं होने लगती हैं और कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम भी बढ़ने लगता है। खुद सिगरेट न पीने के अलावा सेकेंड हैंड स्मोकिंग से भी बचें। यह भी लगभग उतनी ही खतरनाक होती है।

**एंटीबायोटिक्स का अधिक सेवनः** विशेषज्ञ बताते हैं कि एंटीबायोटिक्स के अधिक सेवन से इम्यून सिस्टम कमजोर पड़ जाता है। कुछ खास दवाएं इम्यून सिस्टम तक हार्मोन सप्लाई करने वाले साइटोकिंस का स्तर घटा देती हैं। इससे इसकी बैक्टीरियारोधक क्षमता घटती है और बीमार पड़ने की संभावना बढ़ती है। एंटीबायोटिक दवाएं पेट के हेल्दी बैक्टीरिया को भी नष्ट कर देते हैं।

**पॉजिटिव सोच रखेंः** 'इमोशन' जर्नल में प्रकाशित शोध की मानें तो सकारात्मक सोच इम्यूनिटी पावर बढ़ाती है। मेडिटेशन, अध्यात्म, कुदरत के मनोहारी दृश्यों को देखना और सराहना सेहत के लिए अच्छी आदतें हैं। संतुष्टि, खुशी, गर्व और खिलंदड़पन न सिर्फ बीमारियों से दूर रखने में मददगार होते हैं बल्कि एजिंग प्रोसेस को भी धीमा करते हैं।

**पॉल्यूशन से बचेंः** प्रदूषण में लगातार और लंबे समय तक रहने से इंफ्लेमेशन की समस्या बढ़ती है। अस्थमा और अन्य श्वसन समस्याओं के साथ-साथ इससे इम्यून सिस्टम भी ध्वस्त होता है। कम प्रदूषित क्षेत्र में रहने को प्राथमिकता देनी चाहिए। घर से बाहर निकलते समय मास्क पहनना चाहिए। स्वच्छ वातावरण में टहलना चाहिए। *

### इन पर भी दें ध्यान



- पोषक तत्वों से भरपूर भोजन करें। हरी सब्जियां, दाल, फल, साबुत अनाज के साथ-साथ दही, सूखे मेवे, आंवला और मशरूम जैसे गुणकारी फूड्स अपने भोजन में शामिल करें।
- एक्सरसाइज करने की आदत डालें। जब वक्त मिले, तभी एक्सरसाइज करें। सुबह-शाम टहलें। घर का सामान लेने के लिए नजदीकी बाजार तक पैदल जाएं।
- अच्छी तरह नींद लेने की आदत डालें। रात को सात-आठ घंटे की नींद लें।

सजेशन

डॉ. माजिद अलीम

डाइजेशन अगर सही न हो तो कब्ज की समस्या घेर लेती है। इससे कई अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में आपको जरूर जानना चाहिए कि कब्ज होने की मुख्य वजहें क्या हैं और डाइजेशन को कैसे सही रख सकते हैं।

## ऐसे सही रहेगा डाइजेशन

सुबह उठ कर स्कूल जाना हो या ऑफिस या कहीं बस ट्रेन से लंबी यात्रा करनी हो तो जिन लोगों को पाचन संबंधी समस्या होती है, उन्हें मोशन समय पर नहीं आता है। घर से फ्रेश होकर जाने के लिए वो रात में दूध पीकर सोते हैं, सुबह उठकर गर्म पानी पीते हैं। इसके बावजूद कई बार फ्रेश नहीं हो पाते। ऐसे में पेट साफ न होना, उनके लिए एक बड़ा सिरदर्द हो जाता है। अगर डाइजेशन सिस्टम में गड़बड़ होती है तो हेल्थ से जुड़ी और बहुत सारी गंभीर समस्याएं सामने आने लगती हैं। कब्ज रहना, पाचनतंत्र में गड़बड़ी का एक बड़ा सूचक होता है।

**कब्ज के लक्षणः** सुबह सोकर उठने के बाद बिना किसी परेशानी के पेट साफ होना आपके सही पाचन और सेहत का सूचक है। लेकिन अगर रोज पेट साफ न हो, हार्ड स्टूल की समस्या से जूझ रहें हों तो इससे सबसे ज्यादा बबासीर का खतरा रहता है। सही पाचन का लक्षण है कि कम से कम 24 घंटे बाद शरीर से दिनभर के जमा अपशिष्ट पदार्थों का बाहर होना जरूरी है। 24 घंटों के बाद भी अगर पेट पूरी तरह साफ नहीं होता है तो इसे खतरे का संकेत मान लेना चाहिए।

**कब्ज होने के कारणः** समय पर या डेली पेट साफ न हो, हार्ड मोशन हो, पेट में भारीपन महसूस हो तो समझ लें कि आपका डाइजेशन सही नहीं है। पेट साफ न होने यानी कब्ज की सबसे बड़ी वजह कम पानी पीना है। कम पानी पीने से डिहाइड्रेशन होता है और पेट साफ नहीं होता। खाने में हरी सब्जियां और फलों का कम सेवन भी पाचन क्रिया पर बुरा असर डालता है। नॉनवेज, ज्यादा तला भुना खाना भी इसकी एक बड़ी वजह है। इसके अलावा रात को देर से खाना, असमय खाने से भी खाना हजम नहीं हो पाता और कब्ज हो जाती है। तनाव, डिप्रेशन और सही नींद न लेना भी पाचन क्रिया को बिगाड़ता है। चलने-फिरने की गतिविधि कम करना, व्यायाम न करना भी इसकी एक बड़ी वजह है।



**अपनाएं ये उपायः** प्रतिदिन पेट साफ रहे, इसके लिए संतुलित भोजन जरूरी है। तला-भुना खाने की बजाय हरी पत्तेदार सब्जियां, साबुत अनाज, फल और रसीली सब्जियां लेनी चाहिए। आपका भोजन फाइबरयुक्त होना चाहिए। मिठाइयां, कोल्ड ड्रिंक्स, सोडा ड्रिंक्स आदि का सेवन नहीं करना चाहिए। रेग्युलर एक्सरसाइज करें। चिंता और तनाव से मुक्त रहें। क्योंकि इन सबका पाचनक्रिया पर बुरा असर पड़ता है।



**कारगर हैं ये घरेलू नुस्खेः** पेट साफ रहे, नियमित पेट साफ हो, इसके लिए कुछ घरेलू नुस्खे आजमा सकते हैं।

- रात को बिस्तर पर जाने से पहले गुनगुने दूध में इसबगोल मिलाकर खाएं। इससे पेट साफ होने में आसानी होती है।
- रात को खाना खाने के एक घंटे बाद या सोने से पहले गुनगुने पानी से एक चम्मच त्रिफला चूर्ण खाया जाए तो इससे सुबह अच्छी तरह पेट साफ हो जाता है।
- रात को सोने से पहले डिनर के दो घंटे बाद एक गिलास दूध पीने से कब्ज की शिकायत दूर होती है।
- रात को एक चम्मच मेथी पानी में भिगोकर रख दें। सुबह खाली पेट इस मेथी को पानी से निकाल कर चबाएं और इसका पानी पी लें, इससे पेट साफ होता है। *



# आईपीएल-18 : कप्तान बदला... खिलाड़ी बदले... अब लखनऊ-बेंगलुरु दिल्ली और पंजाब को पहले खिताब की आस, छह टीमें बन चुकीं चैंपियन

एजेंसी ▸▸ मुंबई

आईपीएल-18 में खेल रही 10 में से छह टीमें ऐसी हैं, जिन्हें इस ट्रॉफी को जीतने का गौरव हासिल हो चुका है, लेकिन चार टीमें ऐसी हैं, जिन्हें अब तक खिताबी जीत नसीब नहीं हुई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजाएंट्स ने अब तक आईपीएल नहीं जीता है। ये चारों टीमें इस बार नए भरोसे और नए कप्तान के दम पर पहली खिताबी जीत पर दांव लगाने उतर रही हैं। चारों टीमों ने सिर्फ अपने कप्तान ही नहीं बदले हैं बल्कि टीम और कोचिंग स्टाफ में भी बड़ा बदलाव किया है। यह देखना होगा कि इन चारों टीमों का हर क्षेत्र में किया गया बदलाव रंग लाएगा या नहीं। इन चार में से तीन टीमें ऐसी हैं जो आईपीएल के फाइनल में पहुंचकर खिताब से दूर रह गईं। इनमें आरसीबी तीन बार और दिल्ली-पंजाब की टीमें एक-एक बार फाइनल में पहुंची है। लखनऊ को फाइनल में भी प्रवेश नसीब नहीं हुआ है।



## बेंगलुरु को 'रजत से गोल्ड' का भरोसा

आरसीबी ने रजत पाटीदार के रूप में नया कप्तान चुना है। उन्होंने मेंटर के रूप में दिनेश कार्तिक को अपने साथ जोड़ा है, जबकि गेंदबाजी कोच की भूमिका ओमकार साल्वी निभाएंगे। कोचिंग की जिम्मेदारी एंडी फ्लावर के ही जिम्मे है। आरसीबी ने इस बार अपने तेज गेंदबाजी विभाग में अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड को जोड़ा है। दोनों पर उन्होंने 23.25 करोड़ की राशि खर्च की है। फिर विराट कोहली अपने कॅरिअर के अंतिम दौर में आरसीबी को पहला खिताब दिलाने में इस बार कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## लखनऊ को पंत-जहीर का साथ

लखनऊ सुपरजायंट्स ने ऋषभ पंत को टीम का नया कप्तान बनाया है। उन्होंने केएल राहुल की जगह यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। पंत लखनऊ के साथ पहले सत्र में शुरुआत में दबाव में होंगे। उनकी तेज गेंदबाजों की तिकड़ी मयंक यादव, आवेश खान और मोहसिन खान की फिटनेस संदेह के घेरे में है। इसके बाद उनके बेड़े में मुख्य गेंदबाज आकाशदीप, शामार जोसेफ और रवि बिश्नोई ही बचते हैं। हालांकि लखनऊ के पास मेंटर के रूप में दिग्गज जहीर खान हैं। जस्टिन लेंगर हेड कोच की भूमिका में बरकरार रखे गए हैं।




## अक्षर बदलेंगे दिल्ली की किस्मत



दिल्ली कैपिटल्स ने अक्षर पटेल के रूप में ऐसे ऑलराउंडर को कप्तानी की जिम्मेदारी दी, जिसकी लोगों को कम उम्मीद थी। पोंटिंग की जगह हेमांग बदानी को उन्होंने नया हेड कोच नियुक्त किया है। वहीं, इंग्लैंड के दिग्गज केविन पीटरसन को उन्होंने मेंटर की जिम्मेदारी है। मैथ्यू मॉट्स सहायक कोच होंगे और पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज मुनाफ पटेल गेंदबाजी कोच होंगे। यही नहीं अनुभवी फॉफ डुप्लेसिस उनके उपकप्तान होंगे।

## पंजाब ने अय्यर को दिया श्रेय



पंजाब किंग्स ने केकेआर को बीते वर्ष विजेता बनाने वाले श्रेयस अय्यर को कप्तानी सौंपी है। यही नहीं उन्होंने कोचिंग स्टाफ में बदलाव करते हुए दिल्ली और मुंबई के पूर्व कोच रिकी पोंटिग को हेड कोच बनाया है। देखना होगा कि श्रेयस और पोंटिंग की जोड़ी पंजाब की किस्मत बदल पाती है या नहीं है। पंजाब ऐसी टीम है, जिसने प्रभसिमरन और शशांक को रिटेन रखते हुए बाकी पूरी टीम बदल डाली। उन्होंने अर्शदीप सिंह को 18 करोड़ में राइट टू मैच कार्ड का उपयोग कर बरकरार रखा। लेग स्पिनर के रूप में उन्होंने युजवेंद्र चहल की सेवाएं ली हैं।

## सलमान, कैटरीना और माधुरी आईपीएल में मचाएंगे धमाल, इस बार 13 शहरों में होगी ओपनिंग सेरेमनी!

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 सीजन का आगाज 22 मार्च को कोलकाता में होगा. जबकि फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा. पहला मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। इससे पहले ओपनिंग सेरेमनी को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। स्पोर्टस्टार के मुताबिक, इस बार टूर्नामेंट में सभी 13 वेन्यू पर 13 ओपनिंग सेरेमनी कराई जा सकती हैं। इस दौरान सलमान खान, वरुण धवन, कैटरीना कैफ, तृप्ति डिमरी, अनन्या पांडे, माधुरी दीक्षित, जान्हवी कपूर, अरिजीत सिंह और श्रद्धा कपूर जैसे बड़े स्टार धूम मचा सकते हैं। दिशा पटानी का नाम तय हो गया है।

### 8 शहरों में हुई थी ओपनिंग सेरेमनी

टूर्नामेंट का पहला मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होना है। ऐसे में यहां ओपनिंग सेरेमनी में श्रेया घोषाल, करन औजला और दिशा पाटनी के आने की भी खबर है। बता दें कि यह पहला मौका नहीं है जब एक से ज्यादा आईपीएल ओपनिंग सेरेमनी होने जा रही हैं। इससे पहले 2017 सीजन में सभी 8 शहरों में यह सेरेमनी हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई सूत्र ने बताया कि बीसीसीआई टूर्नामेंट को एक नया टच देना चाहती है। इससे सभी शहरों में मौजूद लोग ओपनिंग सेरेमनी का आनंद ले पाएंगे। हर एक वेन्यू के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय कलाकारों को प्रदर्शनी का मौका दिया जाएगा।

## ऑलराउंडर ही 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में खेलेगा मैच : पंड्या



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने बुधवार को कहा कि अब जब विवादास्पद 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम तीन साल के लिए बढ़ा दिया गया है तो एक क्रिकेटर को शुरुआती एकादश में जगह पाने के लिए शुद्ध रूप से ऑलराउंडर होना चाहिए। इस नियम में एक टीम को मैच के बाद के चरण में अपनी अंतिम एकादश में से एक खिलाड़ी को बदलने की अनुमति देता है। टीमें स्थिति की मांग के अनुसार बल्लेबाजी या गेंदबाजी विशेषज्ञ को लाती हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने रोहित शर्मा सहित कुछ मुख्य भारतीय खिलाड़ियों की आपत्तियों के बावजूद इस नियम को कम से कम 2027 चरण तक बढ़ा दिया है। रोहित ने कहा था कि 'इम्पैक्ट प्लेयर' की रणनीति भारतीय ऑलराउंडरों के विकास को रोक रही है और टीमें खेल के दौरान उनकी जगह एक अतिरिक्त बल्लेबाज या गेंदबाज को शामिल करती हैं।

## सूर्यकुमार पहले मैच में करेंगे कप्तानी, हार्दिक पर लगा बैन



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या पिछले इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में टीम के धीमी ओवर गति उल्लघंन के लिए एक मैच के लिए निलंबित हैं। इससे वह मौजूदा चरण का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे जिससे इस मुकाबले में कप्तानी की जिम्मेदारी सूर्यकुमार यादव उठाएंगे। मुंबई इंडियंस रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। सूर्यकुमार राष्ट्रीय टी20 टीम के कप्तान हैं और उन्होंने टीम को घरेलू मैदान पर हाल में इंग्लैंड पर 4-1 से जीत दिलाई। पंड्या ने यहां मुंबई इंडियंस के सत्र पूर्व आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, 'सूर्यकुमार भारतीय टीम की कप्तानी भी करते हैं। जब मैं नहीं होता हूं तो वह आदर्श विकल्प होते हैं।' मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा कि बीसीसीआई ने पिछले सत्र में उनकी टीम के तीन बार 'धीमी ओवरगति' उल्लंघन के कारण पंड्या पर लगे एक मैच के प्रतिबंध के बारे में टीम को बता दिया है।

---

विदेशी दौरे पर परिवार

# कोहली की निराशा के बाद भी नियम में नहीं होगा बदलाव



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत की 1-3 से करारी शिकस्त के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने खिलाड़ियों के परिवार के साथ यात्रा करने के लिए नए नियम बनाए थे। इन नीतियों पर हाल ही में दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने अपनी राय रखी थी। उन्होंने कहा था कि जब खिलाड़ी दौरे के दौरान खराब दौर से गुजर रहा होता है तो उस वक्त परिवार के सदस्य की भूमिका अहम हो जाती है।

अब इस मुद्दे पर बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया का बयान आया है। उन्होंने साफ कर दिया है कि दौरे के दौरान खिलाड़ियों के परिवार के साथ यात्रा करने को लेकर बनाए गए नियम में कोई बदलाव नहीं होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान भारत को मिली हार के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने नए नीतियां बनाई थी। इसके तहत 45 दिन के दौरे के दौरान खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य अधिकतम दो सप्ताह तक ही साथ रह सकते हैं। इससे कम अवधि के दौरे पर खिलाड़ी अधिकतम एक सप्ताह तक ही अपना परिवार साथ में रख सकते हैं। बीसीसीआई के इस नियम पर बात करते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आरसीबी के कार्यक्रम के दौरान कहा था कि, लोगों को यह समझाना बहुत कठिन है कि जब भी बाहर हो और आपके साथ कुछ अच्छा नहीं हो रहा है तो उस वक्त परिवार का साथ रहना कितना जरूरी है। मुझे नहीं लगता कि लोगों को इस बात की समझ है कि यह किस हद तक प्रभाव डालता है।

### 'नहीं बदलेगी नीति' : बीसीसीआई

कोहली के इस बयान पर बात करते हुए बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने क्रिकबज से कहा, इस समय मौजूदा नीति बरकरार रहेगी। क्योंकि यह राष्ट्र और हमारी संस्था बीसीसीआई दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बीसीसीआई मानता है कि कुछ असंतोष या अलग-अलग राय हो सकती है, क्योंकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोगों को अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार है। नीति सभी टीम सदस्यों - खिलाड़ियों, कोचों, प्रबंधकों, सहायक कर्मचारियों और इसमें शामिल सभी लोगों पर समान रूप से लागू होती है - और इसे सभी के सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया है।

# नोवाक जोकोविच के संघ ने टेनिस आयोजकों पर किया मुकदमा

एजेंसी ▸▸ मियामी गार्डन्स



पेशेवर टेनिस के प्रभारी समूहों को /"कार्टेल/" कहते हुए, नोवाक जोकोविच द्वारा सह-स्थापित खिलाड़ियों के संघ ने न्यूयॉर्क में संघीय अदालत में महिला और पुरुष टूर्स, अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ और खेल की अखंडता एजेंसी के खिलाफ एक अविश्वास मुकदमा दायर किया।

पेशेवर टेनिस खिलाड़ियों के संघ ने इसमे कहा कि खेल का संचालन करने वाले संघठनों ने खिलाड़ियों के भुगतान और खेलने के हालात पर पूरा नियंत्रण कर लिया है। इसमें यह भी कहा गया कि उनकी व्यवस्था "राज्य और संघीय कानून का सरासर उल्लंघन" है जो "पेशेवर टेनिस की सामान्य बाजार की ताकतों से रक्षा करती है और पेशेवर टेनिस खिलाड़ियों और अन्य उद्योग प्रतिभागियों को निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के उनके अधिकार से वंचित करती है।

उन्होंने मामले की जूरी द्वारा सुनवाई की मांग की और कहा कि खिलाड़ियों की कमाई बढ़नी चाहिए क्योंकि चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों (विम्बलडन, अमेरिकी ओपन, फ्रेंच ओपन और आस्ट्रेलियाई ओपन) और अन्य पेशेवर टूर्नामेंटों का संचालन करने वाली ईकाइयों ने पुरस्कार राशि की सीमा तय कर रखी है और कोर्ट से इतर भी खिलाड़ियों की कमाने की क्षमता पर उनका नियंत्रण है।

# अभिषेक-वरुण टी20 रैंकिंग में दूसरे नंबर पर बरकरार

एजेंसी ▸▸ दुबई

भारतीय विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और 'मिस्ट्री' स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ताजा टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में क्रमशः बल्लेबाजों और गेंदबाजों की सूची में करियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान कायम रखा।

हार्दिक पंड्या 252 अंक से हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं जिसमें नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी (233 अंक) दूसरे और ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस (210 अंक) तीसरे स्थान पर हैं। तिलक वर्मा और भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार यादव बुधवार को जारी




इस रैंकिंग में क्रमशः चौथे और पांचवें नंबर पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड 856 रेटिंग अंक लेकर बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं जिसमें इंग्लैंड के फिल सॉल्ट 815 अंक से तीसरे नंबर पर बने हुए हैं। अभिषेक के 829, तिलक वर्मा के 804 और सूर्यकुमार के 739 रेटिंग अंक हैं।

### चक्रवर्ती सिर्फ एंक पीछे

गेंदबाजी सूची की अगुआई वेस्टइंडीज के अकील हुसैन (707 अंक) कर रहे हैं जिसमें चक्रवर्ती (706 अंक) उनसे महज एक अंक पीछे हैं और इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल राशिद (705 अंक) से एक अंक आगे हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा (700) और ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा (694 अंक) इनसे पीछे हैं। भारत के रवि बिश्नोई 674 अंक से छठे स्थान पर हैं जबकि बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने 653 अंक से नौवां स्थान बरकरार रखा है।

# खिलाड़ी प्रतिभाशाली लेकिन जीत की मानसिकता जरूरी

**नई दिल्ली।** पूर्व विश्व चैंपियन और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता फर्राटा धावक हेनरिच पोपोव का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों में प्रतिभा है लेकिन लगातार दबदबा बनाने के लिए उन्हें मानसिक अवरोध तोड़कर जीत की मानसिकता से खेलना होगा। जर्मनी के 41 वर्ष के पोपोव ने पैरालम्पिक खेलों, विश्व और यूरोपीय



चैंपियनशिप में 27 पदक जीते हैं। उन्होंने कहा, 'वैश्विक सफलता के लिए सबसे बड़ी चुनौती शारीरिक नहीं, मानसिक है। मानसिक अवरोध आपकी प्रगति रोक देता है। कई बार आप किसी अमेरिकी खिलाड़ी से बात करें तो आपको पता चलेगा कि वह पदक के लिए तैयार ही नहीं है बल्कि स्वर्ण की बात कर रहा है। दिव्यांगता भी मानसिकता से जुड़ी है। आपको पदकों से इतर सोचना होगा। आपको खुद को इतना बड़ा बनाने के बारे में सोचना होगा कि दुनिया को पता चले कि आप छिप नहीं रहे हैं। मुझे लगता है कि भारत और जर्मनी की समान समस्या है। हम चुप रहते हैं लेकिन हमें बिंदास होकर दुनिया को बताना होगा कि हम जीतने के लिये खेल रहे हैं।'

## फिर देखने को मिलेगी फिनिसर धोनी की चमक

**बेंगलुरु।** भारत के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा कि आईपीएल के आगामी सत्र में क्रिकेटप्रेमियों को महेंद्र सिंह धोनी के हुनर की झलक देखने को मिलेगी। 43 वर्ष के धोनी ने मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स के अभ्यास सत्र में उम्दा बल्लेबाजी करके अपनी तैयारी की झलक दी। उन्होंने तेज गेंदबाज मथीषा पथिराना के यॉर्कर पर उनके सिर के ऊपर से छक्का लगाया। उथप्पा ने कहा, 'जहां तक माही का सवाल है तो मुझे लगता है कि हमें उसकी जबर्दस्त प्रतिभा की झलक देखने को मिलेगी क्योंकि वह सातवें या आठवें नंबर पर उतर सकते हैं।

**TRN Energy Pvt. Ltd.**

Regd. Office : 18 Vasanta Enclave, Rao Tula Ram Marg, New Delhi-110057
Corporate Office : 7th Floor, Corporate Tower, Ambience Mall NH-8, Gurgaon-122002 (Haryana)
Ph: 0124-2719000, Fax: 0124-2719185
Email : trnenergy@acbindia.com, info@trnenergy.com

**Invitation of Bids**

Ref. No.: TRNEPL/ASH/2024-25/03 Dated: 20.03.2025

TRN Energy Pvt. Ltd. is having 2x300MW Coal based Thermal Power Plant located near Vill: Bhengari, PO:- Nawapara (Tenda), Tehsil: Gharghoda, Dist: Raigarh in the state of Chhattisgarh. The plant site is well connected with Road Network. Nawapara (Tenda) is on Chhal-Gharghoda road and very near to the plant. The place is around 42KM away from Raigarh and 32KM away from Kharsia, which are the nearest towns.

Through advisory dated 15th March 2024, Ministry of Power has directed to the Thermal Power Plants to prepare a panel of transportation agency every year based on competitive bidding for transportation to Road Projects / Embankments / mines etc. in slabs, which may be used for period FY 2025-26.

In this connection, M/s TRN Energy Pvt. Ltd. invites bids from reputed and experienced vendors. The validity of the tender is being extended up to 25.03.2025 @14:00hrs with corrigendum of Part A bid, details are as under:-

| Sl. No. | Description of the Job | Tender ID | Last date of Bid submission |
|---|---|---|---|
| 1 | Ash Transporters Panel for FY 2025-26 at 2x300MW TRN Energy TPP Raigarh, Chhattisgarh | 1034 | 25.03.2025 @ 14:00 Hrs. |

Detailed scope of work, terms and conditions are furnished in the NIT document. Please visit web site https://eprocurement.mjunction.in/epspropartner/openarea/tender-list and refer respective tender Id for qualifying criteria and other details.The complete offer along with technical details should be submitted by the bidder on-line on Mjunction website as per the timeline mentioned in the above table.

Contact details: Name : Sunil Kumar
Contact No. : 9868392867
Email Id : sunil.kumar@acbindia.com

**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (CIVIL) AU&PC, CSPGCL**
Shed No. 02, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2576320 & 0771-2576324, website www.cspc.co.in E-mail:- cecivil.aupc@gmail.com

No. 03-15/W/1932 Raipur, date:17.03.2025

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible bidders fulfilling the eligibility criteria as mentioned below and having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only for the following work :-

| Sl. No. | Tender Specification No. | Description | NIT value i/c GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period (incl. Rainy season) | Rfx No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EDC/AU&PC/ABVTPS-MRW/W/2024/92 | Utilization of fly ash by transportation to brick/tile manufacturing industries upto 50 Km from ash silo and dump area of 2x500 MW ABVTPS, CSPGCL, Marwa-Tendubhata. | 319.95 Lacs | 3,20,000/- | 12 Months | 8100042007 |

Cost of tender form is Rs. 1180/- (Rs.1000/- + 18% GST). The due date & time for submission of bids, Tender Cost & EMD is 07.04.2025 (up to 15:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is 09.04.2025 (up to 16:00) Hrs respectively. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/irj /portal.

Note:- (i) The L-1 bidder shall be decided on overall cost to company basis including GST.(ii) In case, the rate quoted by the bidder is on abnormally lower side, a performance guarantee @5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the bidder.(iii) Maintenance period for the work shall be Nil.

SAVE ELECTRICITY

Executive Director (Civil) AU&PC, CSPGCL, Raipur

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,**
Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562, website www.cspc.co.in
E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

No.04-04/W/2778 Raipur, date 19-03-2025

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL. The unregistered contractor having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only may also be considered on submission of experience certificate for following work as mentioned below:-

| Tender Specifi. No. | Name of Work | NIT value |
|---|---|---|
| CEC/ABVTPS-MRW/W/2024/194 | Annual supply of various material, mason gang, carpentry gang, plumber gang, valve operator for pump operation and for various routine maintenance work at BTG and power house boundary wall area at 2x500MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir Champa | 20.96 Lacs |
| CEC/HTPS-KW/W/2024/195 | Providing and fixing chain link fencing in front of chemical wing near bulk acid tank area at 4x210MW HTPS, CSPGCL, Korba West | 5.69 Lacs |
| CEC/DSPM-KE/W/2024/196 | Extension of existing hospital building at AB type colony DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East | 46.70 Lacs |

Note:- (i) The detailed NIT, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/ irj /portal. (ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer (Civil) CSPGCL, Raipur



## खबर संक्षेप

### मंदिर में उत्सव पर धन जुटाने की अनुमति ने दें




**तिरुवनंतपुरम।** केरल हाईकोर्ट ने त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि किसी भी संगठन या भक्तों के समूह को उसके तहत चल रहे किसी मंदिर में वार्षिक उत्सव या किसी भी समारोह के लिए भक्तों से दान या प्रायोजन के रूप में धन जुटाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। जस्टिस अनिल के नरेंद्रन और जस्टिस मुरली कृष्ण एस की बेंच ने बोर्ड को यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्री बेहोश होकर गिरा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक यात्री की मौत हो गई है। उसे इंडिगो के विमान से यात्रा करनी थी। यात्री एयरपोर्ट टर्मिनल में चेक-इन करने जा रहा था। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। वह काउंटर के सामने बेहोश होकर गिर पड़ा। एयरपोर्ट प्रशासन ने तुरंत मेडिकल टीम को बुलाया। यात्री को तत्काल पल्स हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### ओडिशा को विशेष राज्य का दर्जा मिले : पात्रा




**नई दिल्ली।** बीजू जनता दल सांसद डॉ सस्मित पात्रा ओडिशा को विशेष दर्जा दिए जाने की मांग की। उन्होंने राज्यसभा में कहा- हमने गुस्से में अपनी आवाज नहीं उठाई है, बल्कि इसके पीछे एक एक कारण है। ओडिशा भारत के विकास का स्तंभ है। हमारे कोयला बिजली उद्योग, खनिज भारत के बुनियादी ढांचे का निर्माण करते हैं। फिर भी ओडिशा साल दर साल, तूफान दर तूफान असुरक्षित है।

### राबड़ी के बाद लालू से भी 4 घंटे की पूछताछ



**पटना।** नौकरी के बदले जमीन मामले में पूछताछ के लिए राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव पटना स्थित ईडी दफ्तर में जांच अधिकारियों के सामने पेश हुए। यहां पर अधिकारियों ने उनसे सवाल पूछे। रेलवे में नौकरी के बदले जमीन दिए जाने के आरोपों पर लालू यादव से सवाल किए गए। नौकरी के बदले जमीन केस में लालू यादव परिवार जांच के दायरे में है। मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय ने बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनके बेटे तेज प्रताप से लंबी पूछताछ की।




# पति का कत्ल, किए 15 टुकड़े और ड्रम में डालकर सील कर दिया शव

एजेंसी ⏭ मेरठ

मेरठ के सौरभ राजपूत का उसकी पत्नी मुस्कान ने ही प्रेमी साहिल के साथ मिलकर कत्ल कर दिया। मर्चेंट नेवी में अधिकारी रहे सौरभ राजपूत के कत्ल के बाद शव के 15 टुकड़े कर डाले और ड्रम में डालकर सीमेंट से सील कर दिया। इतने खूंखार अपराध को अंजाम देने के बाद पत्नी मुस्कान प्रेमी साहिल के साथ हिमाचल प्रदेश ट्रिप पर चली गई। पुलिस की जांच में इस कहानी में प्यार, धोखा और कत्ल का जो सच सामने आया है, वह हैरान करता है। मुस्कान ने सौरभ से भी लव मैरिज की थी। मुस्कान रस्तोगी और सौरभ की 2016 में शादी हुई थी। यहां तक कि मुस्कान के साथ ज्यादा वक्त बिताने की चाह में सौरभ ने मर्चेंट नेवी की नौकरी ही छोड़ दी थी। सौरभ के नौकरी छोड़ने के फैसले से उसके परिजन खफा थे और फिर विवाद बढ़ा तो उसने मुस्कान के साथ किराये के मकान में अलग रहना शुरू कर दिया।

मुस्कान ने 2019 में बेटी को जन्म दिया, लेकिन इस खुशी में जल्दी ही अवैध संबंधों का ग्रहण लग गया। सौरभ को पता चला कि उसकी पत्नी का उसके ही दोस्त साहिल से अवैध संबंध है। इसके चलते दोनों के बीच तनाव बढ़ा तो तलाक पर भी विचार हुआ। मुस्कान राजी थी कि तलाक ले लिया जाए, लेकिन सौरभ राजपूत ने बेटी की खातिर तलाक नहीं लिया। यही नहीं, सौरभ ने फिर से मर्चेंट नेवी जॉइन कर ली।

**सौरभ पर बेरहम हुई मुस्कान : नशेड़ी प्रेमी के लिए मर्चेंट नेवी में अधिकारी पति को मार डाला**

#### नींद की गोलियां खिलाकर मारा

मुस्कान ने सौरभ के खाने में 4 मार्च को नींद को दवा मिला दी। सौरभ के सोने के बाद मुस्कान और साहिल ने चाकू से उसे काट डाला। शव के टुकड़े-टुकड़े कर डाले। कुल 15 टुकड़े करने के बाद उन्हें एक ड्रम में भर दिया और सीमेंट से सील कर दिया। दोनों का यह प्लान था कि सही समय पर शव को कहीं फेंक दिया जाएगा।



#### परिवार का फोन नहीं उठा तो पुलिस में पहुंची शिकायत

परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मुस्कान और साहिल को हिरासत में लिया। पुलिस की सख्ती पर दोनों टूटे और गुनाह कबूल किया।

#### प्रेमी के साथ चली गई मनाली घूमने

मुस्कान ने पड़ोसियों में फैला दिया कि वह पति के साथ हिल स्टेशन मनाली घूमने जा रही है, लेकिन वह गई कातिल प्रेमी साहिल के साथ। वहां से सौरभ के फोन से ही मुस्कान अपनी तस्वीरें शेयर करती रही। ऐसा इसलिए किया ताकि लोगों को लगे कि सौरभ जिंदा और मुस्कान की तस्वीरें शेयर कर रहा है। लेकिन सौरभ के परिवार वालों ने जब बेटे से संपर्क की कोशिश की तो कॉल ही नहीं रिसीव की गई। लगातार ऐसा होने के बाद परिवार ने पुलिस से संपर्क किया।

# हिंसा में महिला पुलिस की वर्दी उतारने की कोशिश, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**नागपुर के 11 थाना क्षेत्रों में अभी भी कर्फ्यू, हालात शांतिपूर्ण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नागपुर

नागपुर के 11 थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू जारी है। संवेदनशील इलाकों में दो हजार से अधिक सशस्त्र पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) और दंगा नियंत्रण पुलिस (आरसीपी) द्वारा पुलिस उपायुक्त रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में गश्त की जा रही है। हिंसा के 19 आरोपियों को 21 मार्च तक के लिए पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, एक आरोपी ने कथित तौर पर महिला पुलिस कर्मी की वर्दी और शरीर को आपत्तिजनक तरीके से छुआ। अश्लील इशारे किए और बदसलूकी की। इस संबंध में गणेशपेठ पुलिस स्टेशन में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। महिला पुलिस अधिकारी आरसीपी स्क्वॉड में शामिल थीं। खबरें ये भी हैं कि आरोपी ने उनकी वर्दी उतारने की भी कोशिश की थी। फिलहाल, यह साफ नहीं है कि आरोपी की पहचान हो चुकी है या नहीं और उसे गिरफ्तार किया गया है या नहीं।

*औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर नागपुर में भड़की हिंसा की आंच से पूरे महाराष्ट्र का माहौल गर्म है। इस हिंसा में हिंसा के बाद नागपुर के 11 थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। मास्टरमाइंड माने जा रहे फहीम शमीम खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस बीच, खबर है कि हिंसा के दौरान एक उपद्रवी ने ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिसकर्मी के साथ बदसलूकी की और उनकी वर्दी भी उतारने की कोशिश की गई।*

**सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस**

नागपुर हिंसा में डीसीपी निकेतन कदम पर कुल्हाड़ी से वार किया गया था। वह गंभीर रूप से घायल हैं। सीएम फडणवीस ने वीडियो कॉल पर उनसे बात की। हिंसा पर काबू पाने के बाद पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला ने अफसरों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने का आदेश दिया है।



**फहीम को माना जा रहा मास्टरमाइंड**

महाराष्ट्र के नागपुर में हुई हिंसा के मामले में मास्टरमाइंड माने जा रहे फहीम शमीम खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वो 21 मार्च तक पुलिस की हिरासत में है। फहीम खान माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी का शहर अध्यक्ष है। केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी के सामने नागपुर से लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव भी लड़ चुका है।

**पुलिस पर हमला क्षम्य नहीं : सीएम**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में कहा कि पुलिस आयुक्त ने यह बताया है कि नागपुर की घटना की जांच की जा रही है। पुलिस अभी अंतिम निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। उन्होंने कहा, नागपुर के मामले में जिसने भी पुलिस पर हमला किया है, उन्हें हम कब्र में से भी खोदकर निकालेंगे, छोड़ेंगे नहीं। बाकी सब कुछ क्षम्य है, पुलिस पर हमला क्षम्य नहीं है। कठोरतम कार्रवाई होगी और तय समय में होगी। नागपुर फिलहाल शांत है। नागपुर शांति के लिए ही जाना जाता है। 1992 के बाद नागपुर में कभी दंगा नहीं हुआ था।

**एफआईआर में क्या-क्या दावे**

- नागपुर हिंसा में 57 धाराओं में एफआईआर। इनमें बीएनएस की 46 धाराएं। 51 आरोपी नामजद हैं।
- भीड़ ने भड़काऊ नारे लगाने शुरू कर दिए और झूठी अफवाहें फैलाई।
- भीड़ ने कुल्हाड़ियों, पत्थरों, डंडों और अन्य घातक वस्तुओं समेत खतरनाक हथियारों से खुद को लैस किया था।
- उपद्रवियों ने पूरे इलाके में आतंक मचाया। सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश की।

## किसान नेताओं के साथ जारी रहेगी चर्चा, अगली बैठक 4 मई को: चौहान

एजेंसी:चंडीगढ़



किसान नेताओं और केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल के बीच सातवें दौर की वार्ता बुधवार को यहां संपन्न हुई। इसमें केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अगली बैठक चार मई को आयोजित किए जाने की घोषणा की। यह वार्ता किसानों द्वारा उठाई गई विभिन्न मांगों पर चर्चा करने के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी भी शामिल थी। बैठक के बाद चौहान ने कहा, सौहार्द्रपूर्ण माहौल में सकारात्मक चर्चा हुई। बातचीत जारी रहेगी। अगली बैठक चार मई को होगी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बुधवार पूर्वाह्न 11 बजकर 50 मिनट पर बैठक के लिए सेक्टर-26 स्थित महात्मा गांधी लोक प्रशासन संस्थान पहुंचे थे।

**28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल**

बातचीत से पहले किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा था कि संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा का 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल बैठक में हिस्सा लेगा। संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा किसानों के आंदोलन की अगुवाई कर रहे हैं। पंधेर ने कहा कि किसानों को उम्मीद है कि सरकार उनके समस्या का समाधान करेगी।

# सभी 60 उद्योगों का फिर से निरीक्षण कर रिपोर्ट पेश करेंगे कोर्ट कमिश्नर, शासन के अधिकारी रहेंगे साथ में

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में बढ़ते प्रदूषण को लेकर बिलासपुर हाईकोर्ट में जनहित याचिका के तौर पर सुनवाई चल रही है। कोर्ट की नोटिस के बाद राज्य शासन ने अपना जवाब पेश कर दिया है। शासन की ओर से कहा गया है कि प्रदेश भर में संचालित उद्योगों, कारखानों में प्रदूषण की स्थिति को नियंत्रित करने के उपाय किए जा रहे हैं। प्रदूषण फैलाने वाली 36 कंपनियों को नोटिस भी दिया गया है। हाईकोर्ट शासन के इस जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ और सभी कोर्ट कमिश्नरों के साथ ही अतिरिक्त महाधिवक्ता और शासन के अधिकारियों को फिर से सभी 60 उद्योगों का निरीक्षण कर रिपोर्ट पेश करने कहा है।

दरअसल, प्रदेश भर में संचालित उद्योगों, कारखानों में काम करने वाले श्रमिकों को सीमेंट और लोहे की डस्ट से बहुत परेशानी होती है। इस कारण कामगारों के फेफड़े बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। उत्कल सेवा समिति, लक्ष्मी चौहान, गोविन्द अग्रवाल, अमरनाथ अग्रवाल ने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से हाईकोर्ट में अलग-अलग याचिका दायर की है। हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान में लेकर एक जनहित याचिका पर सुनवाई शुरू की है। हाईकोर्ट के निर्देश पर सभी याचिकाओं की एक साथ सुनवाई चल रही है। पूर्व में डिवीजन बेंच ने प्रदेश के उद्योगों का निरीक्षण करने और रिपोर्ट देने के लिए हाईकोर्ट के वकीलों को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया था। जिसके बाद कोर्ट कमिश्नर ने अलग-अलग संभाग में संचालिक उद्योगों का निरीक्षण किया।



**बीमार हो रहे हैं श्रमिक, कोई व्यवस्था नहीं**

याचिकाकर्ता के अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया है कि राज्य में तकरीबन 60 ऐसे स्पंज आयरन और सीमेंट प्लांट हैं, जहां इस प्रकार की शिकायतें आ रही हैं। इसके बाद चीफ जस्टिस की डिविजन बेंच ने आठ अधिवक्ता को कोर्ट कमिश्नर बनाकर डाटा रिपोर्ट पेश करने को कहा था। कोर्ट कमिश्नरों ने अपनी रिपोर्ट डिवीजन बेंच में सौंपी थी। इसमें कहा गया कि प्रदेश में कई ऐसे उद्योग हैं, जहां प्रदूषण रोकने के कोई ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं। उनके कामगारों में फेफड़ों संबंधित बीमारियां हो रही है। अधिवक्ता प्रतीक शर्मा, अपूर्व त्रिपाठी, संघर्ष पांडेय, रजनी सोरेन, पलाश तिवारी सहित अन्य अधिवक्ताओं ने कोर्ट कमिश्नर के रूप में प्रदेश के अलग-अलग जिलों में संचालित सीएफटीपीपी का दौरा किया। कोर्ट कमिश्नरों ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि अधिकांश बड़े उद्योग जहां बड़ी मशीनरी काम करती है वहां बड़ी संख्या में श्रमिकों के श्रवण बाधित होने की शिकायत है। कई कारखानों में केमिकल्स की वजह से डर्मेटाइटिस जैसी बीमारी के श्रमिक शिकार हो रहे हैं। हड्डी रोग से भी कामगार ग्रसित हैं। वायु प्रदूषण के कारण सांस की बीमारी और दूसरी कई प्रकार की शारीरिक परेशानी भी सामने आई है।

# एनआईटी रायपुर के 40 संविदा और दैवेभो कर्मचारी होंगे नियमित

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने एनआईटी रायपुर के संविदा और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के मामले में सुनवाई करते हुए उनके नियमितिकरण का आदेश दिया है।

इस निर्णय से 10 से लेकर 16 साल से यहा कार्यरत कर्मचारियों को बहुत बड़ी रहत मिली है। यह याचिका नीलिमा यादव, रश्मि नागपाल व 40 अन्य कर्मचारियों ने उच्च न्यायालय के समक्ष अपने नियमितीकरण हेतु याचिका प्रस्तुत की थी। याचिकाकर्ता एनआईटी रायपुर के संविदा और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी हैं। इन सभी की नियुक्ति

**हाईकोर्ट ने दिया आदेश**

के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। लिखित परीक्षा उतीर्ण होने के बाद अभ्यर्थियों का इंटरव्यू लेते हुए मैरिट के आधार पर नियुक्ति की गई थी। सभी कर्मचारी नियमित पद के विरुद्ध कार्यरत है और इन्हें कार्य करते हुए 10 साल से अधिक का समय हो चुका है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सुश्री दीपाली पाण्डेय ने याचिका प्रस्तुत की। एनआईटी के अधिवक्ता ने किसी नियमितीकरण हेतु नियम नहीं होने का तर्क रखा।

## शासन ने पेश किया हाईकोर्ट में जवाब, सोना साहू को 23 अप्रैल तक दे दी जाएगी बकाया राशि

**क्रमोन्नत वेतनमान पर प्रदेश के 55 हजार से अधिक शिक्षकों की उम्मीदें और बढ़ीं**

बिलासपुर। क्रमोन्नत वेतनमान पर प्रदेश के 55 हजार से अधिक शिक्षकों की उम्मीदें और बढ़ गईं हैं। सुप्रीम कोर्ट के बाद बुधवार को हाईकोर्ट ने भी सोना साहू के भुगतान को लेकर शिक्षा विभाग को निर्देश दे दिया है। बुधवार को क्रमोन्नत वेतनमान को लेकर सोना साहू की अवमानना याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हालांकि इस इस सुनवाई के दौरान शिक्षा सचिव को भी मौजूद रहने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन वो उपस्थित नहीं हो सके। सुनवाई के दौरान शिक्षक संगठन की तरफ से तमाम पदाधिकारी मौजूद थे। सर्व शिक्षक कल्याण समिति के संरक्षक मनीष मिश्रा, अध्यक्ष बसंत कौशिक के अलावे शेषनाथ पांडेय, रविंद्र राठौर कौशल अवस्थी रंजीत बनर्जी सुरेश कुमार नेताम दिनेश कुमार नायक, अशोक धुर्वे, प्रकाश बघेल हाईकोर्ट में मौजूद थे।

हाईकोर्ट ने अवमानना याचिका की सुनवाई करते हुए शासन का पक्ष सुना। शिक्षा विभाग की तरफ से हाईकोर्ट के बताया गया कि सोना साहू के क्रमोन्नत वेतनमान के तहत मिलने वाली राशि का भुगतान 23 अप्रैल तक कर दिया जाएगा। ध्यान रहे कि राज्य शासन ने हाईकोर्ट के उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी जिसमें छत्तीसगढ़ सरकार को सोना साहू के वेतनमान में उन्नयन के कारण उत्पन्न बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था। याचिका में कहा गया है कि सूरजपुर जिला निवासी सोना साहू ने बिना पदोन्नति के 10 वर्षों से अधिक समय तक सहायक शिक्षक के रूप में सेवा प्रदान की थी।

**यह है पूरा मामला**

**राज्य सरकार का तर्क स्वीकार नहीं-** दरअसल, लंबे समय तक प्रमोशन नहीं मिलने पर शिक्षकों ने 2013 में सरकार पर दबाव डाला, जिसके बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने 10 साल की सेवा पूरी कर चुके शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान देने का ऐलान किया। लेकिन इसके बावजूद आंदोलन शांत नहीं हुआ। शिक्षकों के लगातार विरोध को देखते हुए सरकार ने एक साल बाद समतुल्य वेतनमान देने का निर्णय लिया और इसके साथ ही क्रमोन्नति वेतनमान का आदेश रद्द कर दिया। इसके बाद सोना साहू ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थीं। हाईकोर्ट से सोना साहू को जीत मिली तो राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के इस तर्क को स्वीकार नहीं किया कि सोना साहू को क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ नहीं मिल सकता, क्योंकि उन्होंने 7 साल की सेवा के बाद समय वेतनमान लिया था। कोर्ट ने यह भी माना कि 2013 में वेतनमान के संशोधन के चलते राज्य सरकार ने उनका लाभ वापस ले लिया था, जिसके कारण उन्हें 10 वर्षों तक कोई वेतन वृद्धि नहीं मिली। इसके अलावा, कोर्ट ने यह भी कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग के 2017 के आदेश के अनुसार, 10 साल की सेवा पूरी करने वाले सभी शिक्षकों को क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ दिया जाना चाहिए, चाहे वे पंचायत विभाग से स्कूल शिक्षा विभाग में समाहित किए गए हों।

## प्राचार्य बनने के लिए बीएड अनिवार्य है या नहीं, मामला हाईकोर्ट पहुंचा

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में प्राचार्य प्रमोशन का मामला एक बार फिर हाईकोर्ट पहुंच गया है। इस बार प्राचार्य बनने के लिए बीएड की डिग्री अनिवार्य करने की मांग की गई है। वहीं, प्राचार्य पदोन्नति फोरम की तरफ से इस मामले में हस्तक्षेप याचिका दायर की गई है, जिसमें बताया गया है कि प्राचार्य का पद प्रशासनिक है। ऐसे में प्राचार्य बनने के लिए बीएड जरूरी नहीं है। लेक्चरर अखिलेश त्रिपाठी ने प्राचार्य प्रमोशन को लेकर अपने वकील के जरिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि जिस तरह से प्राइमरी स्कूल के शिक्षकों के लिए डीएलएड डिप्लोमा अनिवार्य है। उसी तरह हाई और हायर सेकेंडरी स्कूल शिक्षकों के लिए बीएड की डिग्री को अनिवार्य किया गया है। ऐसे में प्राचार्य प्रमोशन के लिए भी बीएड डिग्री को अनिवार्य किया जाए। याचिका में बताया गया है कि शिक्षकों की भर्ती के लिए न्यूनतम योग्यता राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने तय की है। लेक्चरर पद पर प्रमोशन के लिए बीएड की योग्यता भी एनसीटीई के तहत बनाए गए हैं। इसी तरह प्राचार्य प्रमोशन के लिए भी योग्यता तय करने की मांग की गई है।

**यह शर्तें प्राचार्यों के लिए अनिवार्य नहीं**

इधर, प्राचार्य पदोन्नति फोरम की ओर से व्याख्याता लूनकरण ठाकुर ने अपने वकील के माध्यम से हस्तक्षेप याचिका दायर की है। इसमें बताया गया है कि प्राचार्य प्रशासनिक पद है और व्याख्याता शैक्षणिक पद है। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद 2014 के नोटिफिकेशन का हवाला देते हुए कहा गया है कि यह शर्तें प्राचार्यों के लिए अनिवार्य नहीं है। हस्तक्षेपकर्ता का कहना है कि शिक्षा विभाग में ऐसे शिक्षक जो वर्षों से बीएड, बीटीआई और डीएलएड प्रशिक्षित हैं, उनको लेना होगा। 2019 एकीकृत भर्ती नियम बना है। आदिम जाति कल्याण विभाग में कार्यरत शिक्षकों का 2011 भर्ती नियम था। 2015 में शिक्षा विभाग में इनका संविलियन हो गया है। शिक्षा कर्मियों का भर्ती नियम अलग था।
2018 में शिक्षाकर्मियों का शिक्षा विभाग में संविलियन हो गया है। स्कूल शिक्षा विभाग का 2014 का अलग भर्ती नियम था। जिसके बाद अब तीनों को मिलाकर एकीकृत भर्ती नियम बनाया गया है। जिसमें तीनों कैडर के शिक्षकों को शामिल किया गया है। ऐसे में बीएड की अनिवार्यता जरूरी नहीं है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com